रांची, शनिवार

11.01.2025

वर्ष : 10, अंक : 42 पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988





## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात में मिला एचएमपीवी का चौथा केस, साउथ बोपल में 9 माह का बच्चा पॉजिटिव

**अहमदाबाद।** गुजरात राज्य में अहमदाबाद के साउथ बोपल में नौ माह बालक एचएमपीवी पॉजिटिव मिला है। बालक को सर्दी-खांसी और श्वास लेने में तकलीफ के चलते छह जनवरी को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। संदिग्ध लक्षण को देखते हुए बच्चे की एचएमपीवी जांच कराई गई जिसमें 9 जनवरी को इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। बच्चे का सैम्पल लेकर स्वास्थ्य विभाग भी जांच कराएगा। राज्य में अभी तक तीन बच्चे और एक वृद्ध समेत चार एचएमपीवी पॉजिटिव मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि गुजरात में अब तक मिले एचएमपीवी के चार केसों में एक बच्चे को हॉस्पिटल से छुट्टी दी जा चुकी है। डिस्चार्ज बच्चा दो माह का है और उसे छह जनवरी को अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दूसरा केस अहमदाबाद के वस्त्रापुर के 80 साल के वृद्ध को एचएमपीवी वायरस का पॉजिटिव पाया गया था, जिसे हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा से चार नक्सली गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**सुकमा।** सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल एवं डीआरजी सुकमा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2023 में 02 ग्रामीणों की हत्या करने की घटना में शामिल थे। यह जानकारी आज (शुक्रवार) सुकमा एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने एक प्रेस नोट जारी करके दी है। गिरफ्तार सभी नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी है कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली उपस्थित की सूचना पर 08 जनवरी को चिंतागुफा थाना से डीआरजी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए ताड़मेटला के जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान कर ग्राम ताड़मेटला के जंगल क्षेत्र में खेत लाड़ी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा

# झारखंड को पर्यटन हब के रूप में पहचान देना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है, इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हो इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड पर्यटन हब के रूप में पहचाना जा सके इसके लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं कंसल्टेंट एजेंसी समर्थ इंफ्राटेक सर्विसेस प्रा०लि० के टाइटस नाईनन, रोहित कौशिक, साकेत चौहान एवं अन्य उपस्थित थे।



### पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार सृजन होंगे

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने तोपचांची लेक को विकसित किए जाने संबंधित प्रारूप के हरेक पहलुओं से अवगत हुए तथा बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तोपचांची झील के विकसित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजन होंगे।

### ये होंगे आकर्षण का केन्द्र

तोपचांची झील और उसके आसपास 33 एकड़ भूमि टूरिस्ट हब के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है, जिसमें रिजॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, म्यूजिक पार्क, फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, बोटिंग, गो कार्ट जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।

### आईटी टावर राज्य के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नामकुम, रांची में स्थित आईटी टावर परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा। साथ ही यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जेआईएडीए) की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी+5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है। जेआईएडीए, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्ष) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### मुख्यमंत्री ने मधुबन में हिंसक झड़प मामले के जांच के दिए आदेश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात की। मुख्यमंत्री ने उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। यदि जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।


# लोहरदगा से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉंटिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था।





इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक झारखंड के रांची के बरियातू से डॉ इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो. मोदब्बीर, मो. रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। उस दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त, 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसीडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था।

16 अगस्त, 2024 को एटीएस की टीम ने लोहरदगा में कुडू के हेंजला कौवाखाप गांव में छापेमारी की थी। एटीएस की टीम यहां अलताफ उर्फ इल्ताफ की तलाश में पहुंची थी लेकिन वह घर में नहीं मिला। छापेमारी के दौरान उसके घर से दो हथियार और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस दौरान शाहबाज के घर पर भी छापेमारी की गई थी लेकिन वह फरार मिला था।

### आज व कल ठंड से मिलेगी राहत, 13 जनवरी से फिर सताएगी ठंड



बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड में ठंड का कहर जारी है। कई हिस्सों में शीतलहर चल रही है। आसमान के साफ होते ही ठंड का असर भी बढ़ गया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 11 जनवरी को न्यूनतम तापमान बढ़ेगा और लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। 12 जनवरी को भी ठंड से राहत रहेगी लेकिन 13 जनवरी से फिर तापमान गिरेगा। वहीं, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस लोहरदगा में दर्ज किया गया।


मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 जनवरी से उत्तर-पश्चिमी भारत में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा। इस वजह से उत्तर-पश्चिमी भारत में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसका असर झारखंड पर भी दिखेगा। मौसम केंद्र ने राज्य के 10 जिलों में घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र ने बताया है कि गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में घना कोहरा रह सकता है। इसको लेकर सर्तक रहने की जरूरत है।

# मेरी जोखिम लेने की क्षमता का अभी पूरी तरह उपयोग हुआ ही नहीं : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह कोई वीआईपी नहीं बल्कि एक आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि वह कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहे और उनकी जोखिम लेने की क्षमता का अभी तक पूरी तरह से उपयोग नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में अपने बचपन, मित्रों, घर छोड़कर जाने, युवाओं के लिए दृष्टिकोण, गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों सहित कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत के प्रमुख शक्ति रूप में उभरने का जिक्र करते हुए कहा कि 2005 में जब वह एक विधायक थे, तब अमेरिका ने उनका वीजा रद्द कर दिया था। आज दुनिया भारत के वीजा के लिए कतार में खड़ी है। यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला पॉडकास्ट था।



प्रधानमंत्री ने विचारधारा से ज्यादा आदर्शवाद की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और वीर सावरकर के रास्ते अलग-अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा 'स्वतंत्रता' थी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में अच्छा वक्ता होने से ज्यादा महत्व अच्छे से संवाद करना होता है। महात्मा गांधी लाठी लेकर चलते थे लेकिन बात अहिंसा की करते थे। यह उनके संवाद की ताकत थी। उन्होंने कभी टोपी नहीं पहनी लेकिन उनके आसपास लोग टोपी पहनते थे। उनका क्षेत्र राजनीति था लेकिन उन्होंने कभी राजसत्ता नहीं संभाली, कभी चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन उनकी समाधि राजघाट पर बनाई गई है।

उन्होंने कहा, मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधा के अनुसार अपना रुख बदल ले। मैं केवल एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा, अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, 'राष्ट्र पहले'। 'राष्ट्र पहले' टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती। इसने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं पुरानी चीजों को छोड़कर नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, शर्त हमेशा 'राष्ट्र पहले' की है।

प्रधानमंत्री ने 2002 के गोधरा कांड को याद करते हुए कहा कि 24 फरवरी 2002 को वह पहली बार विधायक बने और 27 फरवरी को विधानसभा गए। उन्होंने कहा कि जब गोधरा में ऐसी घटना हुई, तब वह तीन दिन पुराने विधायक थे। मोदी ने कहा, हमें सबसे पहले ट्रेन में आग लगने की खबर मिली, फिर धीरे-धीरे हमें हताहतों की खबरें मिलने लगीं। मैं सदन में था और मैं चिंतित था। जैसे ही मैं बाहर आया, मैंने कहा कि मैं गोधरा जाना चाहता हूं। वहां केवल एक ही हेलीकॉप्टर था। मुझे लगता है कि यह ओएनजीसी का था, लेकिन उन्होंने कहा कि चूंकि यह सिंगल इंजन है, इसलिए वे इसमें किसी वीआईपी को अनुमति नहीं दे सकते। हमारे बीच बहस हुई और मैंने कहा कि जो कुछ भी होगा, उसके लिए मैं जिम्मेदार रहूंगा। मैं गोधरा पहुंचा और मैंने वह दर्दनाक दृश्य, वे शव देखे। मैंने सब कुछ महसूस किया, लेकिन मुझे पता था कि मैं ऐसी स्थिति में बैठा हूं जहां मुझे अपनी भावनाओं और स्वाभाविक प्रवृत्ति से बाहर रहना होगा। मैंने खुद को नियंत्रित करने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, किया।

यह पूछे जाने पर कि क्या समय के साथ उनकी जोखिम लेने की क्षमता बढ़ी है, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जोखिम उठाने की क्षमता का अभी पूरी तरह उपयोग हुआ ही नहीं है। मैंने अपने विषय में कभी सोचा ही नहीं है और जो अपने बारे में नहीं सोचता, उसके पास जोखिम उठाने की क्षमता बेहिसाब होती है। उन्होंने देशवासियों विशेषकर युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि वह कभी भी कम्फर्ट जोन में नहीं रहे। उन्होंने कहा, मैंने जिस तरह का जीवन जिया है, उसमें छोटी-छोटी चीजें भी मुझे संतुष्टि देती हैं।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 05 फरवरी को मतदान और 08 फरवरी को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नई विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है। अधिसूचना के अनुसार, ह्वजनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 15 और उसी धारा की उपधारा (2) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार उपराज्यपाल ने दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों को विधान सभा के लिए चुनाव कराने का आह्वान किया है।

### विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीय: राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि हमारा देश वर्ष-2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय मिशन में विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं।

राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। प्रवासी भारतीयों की सफलता की कहानियां भारत के लिए गर्व की बात है। वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता को लेकर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस नेता सुनील सहाय का जन्मदिन मनाया गया समर्थकों व शुभचिंतकों ने दी बधाई



**रांची(बिभा)।** कांग्रेस नेता व हटिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार सहाय का जन्मदिन शुक्रवार को एचईसी परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवासीय कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर काफी संख्या में उनके समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेंद्र सिंह, रांची महानगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह बेनी, दीपक प्रसाद, अरुण मिश्रा पप्पू, शिवशंकर सिंह, मो.मुजीब, राजकिशोर प्रसाद देवाशीष दत्ता, भोला राय, रमेश सिंह, विनोद कुमार, शंभू सिंह, शिवाकांत पांडेय, मो.आलमगीर, मो.इजरायल,मो.आरिफ, संजय झा,अनंत झा, हरेंद्र सिंह सहित अन्य ने श्री सहाय को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## आदिवासी छात्र संघ ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**रांची(बिभा) :** आदिवासी छात्र संघ, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को गेट निर्माण कार्य और फर्जी संगठन की जांच से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ ने गेट निर्माण कार्य में पारदर्शिता की कमी को लेकर गंभीर सवाल उठाए और इसे तब तक रोकने की मांग की, जब तक कार्य स्थल पर बोर्ड प्रदर्शित नहीं किया जाता। संघ ने आरोप लगाया कि गेट निर्माण कार्य में पारदर्शिता का अभाव है, जो नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, आदिवासी छात्र संघ के नाम का दुरुपयोग कर एक फर्जी संगठन ने एडमिशन जैसी गतिविधियां संचालित की हैं। इस मामले की जांच के लिए संघ ने प्रशासन से छात्रों और अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित करने की मांग की। विवेक तिर्की ने कहा, विश्वविद्यालय में पारदर्शिता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। गेट निर्माण और फर्जी संगठन के मुद्दों को जल्द हल नहीं किया गया तो संघ बड़ा आंदोलन करेगा। संघ ने जांच प्रक्रिया को तेज करने और समिति द्वारा रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का आग्रह किया। छात्र संघ ने कहा कि छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं साथ ही सदस्यता 445 छात्रों को सदस्यता दिलाया गया और 1168 लोगो ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया ।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए जस्टिस एलपीएन शाहदेव




**रांची(बिभा) :** न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर कांके रोड स्थित चौक पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी को करने का सौभाग्य मिला। श्री धर्मेंद्र तिवारी ने कहा बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी की झारखंड के पहले न्यायाधीश और बुद्धिजीवी पुरोधा के रूप में झारखंड आंदोलन को सभी पार्टियों को लेकर एक मती बनाई। और केंद्र राज्य सरकार पर दबाव का तरीका बताया। आंदोलनकारी जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में सड़क पर उतरे और हजारों गिरफ्तार हुए। देश में या पहली घटना थी कि जहां अवकाश प्राप्त न्यायाधीश को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई को समझ में आ गया कि आंदोलन को बेचने वाले नहीं। अब खरीदने वाले आ गए हैं। मतलब बुद्धिजीवी लोगों के हाथों में आंदोलन आ गया उसी का प्रतिफल आज हम सभी अलग राज्य में बैठे हैं। 24 वर्षों का राज्य झारखंड आंदोलनकारी का सुधी तक नहीं लिया ।सरकार को जस्टिस शाहदेव देव को सम्मान देना चाहिए और केंद्र सरकार को भी लिखना चाहिए ।सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब आंदोलन में शामिल उनको भी सम्मान मिले और परिवार के भरण पोषण का ख्याल सरकार को करना चाहिए। केवल श्रद्धा सुमन अर्पित करने से ही नहीं चलेगा धर्मेंद्र तिवारी ने कहा सच्ची श्रद्धांजलि जो आंदोलन में साथ थे उनको भी न्याय मिलना और सम्मान मिलना चाहिए। तभी हम अपनी धरोहर को सम्मान से देख पाएंगे और उनका अनुसरण करेंगे।

## सेवा भारती का वार्षिकोत्सव 9 फरवरी को

**रांची(बिभा) :** सेवा भारती, रांची महानगर के वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर कार्यकताओं की एक बैठक महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में सेवा निकेतन,प्रकाश नगर ,बिरसा चौक,रांची में संपन्न हुई। बैठक में में चंद्रकांत रायपत ने बताया कि सेवा भारती के वार्षिक उत्सव में शहर के झुग्गी बस्तियों में चलने वाले बाल संस्कार केंद्रों के बच्चे, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में भाग लेती हैं। एक दिवसीय वार्षिक उत्सव के दौरान देश भक्ति समूह गीत प्रतियोगिता, विज्ञान प्रयोग के विभिन्न कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक योगासन आदि होते है। बैठक में राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि सेवा भारती विगत 25 वर्षों से झारखंड में कार्य कर रही है। सेवा कार्यों के माध्यम से सामाजिक जागृति आई है। सेवा बस्तियों में शिक्षा,संस्कार,स्वावलंबन, समृद्धि के साथ-साथ समरसता का वातावरण बना है। 9 फरवरी को होने वाले सेवा भारती,रांची महानगर के वार्षिकोत्सव पर बस्ती परिवर्तन की झलकियां समाज के बीच प्रदर्शित की जाएगी। बैठक में कार्यकताओं को योगासन,गीत आदि का अभ्यास कराया गया। मौके पर कार्यकताओं को गणवेश,डायरी, उपस्थिति पंजी प्रदान किया गया। बैठक में श्याम टोरका,परमानंद कुजारा,विनय लाल,मनोज कुमार,सपना सिंह सहित नगर निरीक्षकाएं उपस्थित रही।

## पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक संपन्न



**रांची(बिभा) :** पशु क्रूरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्य समिति की एक बैठक कार्यालय में समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में राज्य में हो रहे पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता करते हुए क्षोभ प्रकट किया गया, बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्रपस्थापित करने का निर्णय लिया गया, बैठक में समिति के वरीय उपाध्यक्ष सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायादेश दिनांक 18.12.2023 के आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अधिकृत किया गया है। बैठक में समिति के वरीय उपाध्यक्ष सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह,सचिव डॉक्टर हरे राम सिंह,संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समिति की कोषाध्यक्ष शीला कुमारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी, कहा

# पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा

बिभा संवाददाता



**रांची:** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके, रांची स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रांची के सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, छात्र के पूर्व सांसद सुनील सिंह ,कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, उउछ के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार, सीसएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मंत्री ने कहा कि झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होने कहा कि इस सपटल के पूर्ण हो जाने पर इसका उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों करने का प्रयास करेंगे ।

मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

आधारशिला समारोह के उपरांत, मंत्री ने भारतीय कोयला खान संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने युवा प्रबंधन प्रशिक्षुओं और ज्योति कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके योगदान को मान्यता देना आवश्यक है।

उन्होंने युवा पेशेवरों को यह संदेश दिया कि वे अपने कार्य को केवल एक रोजगार के रूप में न देखें, बल्कि इसे देश सेवा के एक अवसर के रूप में अपनाएं। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में नई सोच और नवाचार को शामिल करने का भी आह्वान किया। मंत्री रेड्डी ने इस अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया ।

कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने महिलाओं की भूमिका कोयला उद्योग में सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाना और उनके साथ तालमेल बिठाना समय की मांग है।

अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज ने महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को कोयला क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कोल इंडिया के चेयरमैन, पी.एम. प्रसाद ने भी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कोयला खान संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, कोयला क्षेत्र के युवाओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह आयोजन न केवल कोयला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित भी करता है। क्कछट के इस पहल और मंत्री के संदेश से युवा प्रतिभागियों को अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा मिली।

### हॉस्पिटल की मुख्य विशेषताएं

क्षमता: 200 बिस्तर।
परियोजना लागत: 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)।
परियोजना अवधि: निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा।
संचालन और प्रबंधन: डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान , एक गैर-लाभकारी संगठन।
परियोजना समर्थन अवधि: 6 वर्षों तक उउछ द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
भूमि का क्षेत्रफल: 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च

## संविधान प्रणेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से देश उद्वेलित और आक्रोषित : केशव

**भाजपा स्वतंत्रता और संविधान की विरोधी :सीरीबेला**

बिभा संवाददाता



**रांची।** जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत आज खूंटी एवं सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सम्मान मार्च में अपने संबोधन में सीरीबेला प्रसाद ने कहा कि इस देश का संविधान कांग्रेस ने दिया, हर जाति हर वर्ग का अधिकार दिया, हर एक के जीवन में बदलाव लाने के लिए अधिकार दिए गए। भाजपा संविधान के खिलाफ है। इन लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर का संसद में अपमान किया, इसका मतलब है कि भाजपा साधारण जनता के अधिकारों के खिलाफ है। महिलाओं, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति, जनजाति के अधिकारों के खिलाफ है। इस देश में जो हो रहा है वह जनता के खिलाफ है, भाजपा को इसे बंद करना चाहिए। भाजपा स्वतंत्रता और संविधान की विरोधी है। इस देश के इतिहास से उनका विरोध है। बाबा साहेब के अपमान के खिलाफ तथा संविधान की रक्षा के लिए अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान प्रणेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से देश उद्वेलित और आक्रोषित है। भाजपा संविधान का शुरू से ही विरोधी रही है, लोकतंत्र की मयार्दा पर प्रहार करना उनका राजनीति एजेंडा है। संविधान को बदलकर आरक्षण और समानता के अवसर को समाप्त करना ही उनका मकसद है। संविधान के शिल्पकार डॉ आंबेडकर द्वारा परिकल्पित सदन लोकसभा में ही उनका अपमान भारतीय संसद के इतिहास में एक स्याह पन्ने के रूप में अंकित हो गया जो कभी मिट नहीं सकता। उनकी कोशिशों को जनता ने लोकसभा चुनाव में झटका दे दिया है तो यह संविधान बदलाव का दूसरा रास्ता तलाश रहे हैं। मार्च में विधायक नमन विक्सल कोनगारी,भूषण बाड़ा प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी,रियाजुल अंसारी,अमरेंद्र सिंह, रवि मिश्रा,कृष्णा चौधरी सीमा सीता एक्का,डेविड तिर्की सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## विकास का इंडेक्स खुशहाली आधारित हो : डॉ मयंक मुरारी



बिभासंवाददाता

**रांची :** ट्राईबल (नेचुरल ) वे ऑफ डेवेलपमेन्ट. अब समय आ गया है कि हम विकास के वैकल्पिक मार्ग पर विचार ?करे। जनजातीय समाज को मुख्य धारा में लाने की जरूरत नहीं है। उक्त बातें विचारक और उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज आज सीआईआई के ट्राईबल समिट में यह बात कहीं कार्यक्रम अड्रेस हाउस में आयोजित था। उन्होंने कहा कि विकास की परिभाषा को भौतिक सुख सुविधाओं के आधार पर आंकलन की स्थापित मानदंड को छोड़ना होगा। इसके बदले मानव की खुशहाली के आधार पर विकास का आंकलन हो । इसके लिए जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और जीवन को समझना होगा।

समाज का विकास का मतलब है, सामाजिक प्रगति और उन्नति के वर्तमान संदर्भ को समझना। समाज का विकास एक बहु-आयामी प्रयास है. इसका मकसद लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और उन्हें अपने जीवन पर नियंत्रण देना होता है। समाज के विकास में कई कारक योगदान देते हैं, जैसे कि तकनीकी प्रगति, राजनीतिक और आर्थिक बदलाव, सांस्कृतिक बदलाव, और व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास।

समाज के विकास के लिए, लोगों को साक्षरता, शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## सीआईएसएफ कैम्पस में महानिरीक्षक ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल का किया वितरण

बिभा संवाददाता



**रांची :** सर्दी के महीनों में जरूरतमंदों व आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के सहायता के प्रयास के रूप में, महानिरीक्षक, पूर्वी मुख्यालय रांची, शांथी जयदेव ने स्थानीय ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया।

यह आयोजन सीआईएसएफ एस एचक्यू रांची परिसर में हरेन्द्र नारायण, कमाण्डेण्ट, द्वितिय आरक्षित वाहिनी, केऔसुब के उपस्थिति में हुआ, और इसका उद्देश्य आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंद गरीब परिवारों को सहायता प्रदान करना था।

हम समझते हैं कि हमारे ग्रामीण समुदायों को सर्दियों के महीनों में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जब सर्दी का मौसम बहुत कठोर हो जाता हैं। यह पहल उन समस्याओं को कम करने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है और हम यह समर्थन उन जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने वाले बल कर्मियों और स्थानीय समुदाय का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान शांथी जी. जयदेव, महानिरीक्षक, पूर्वी खंड मुख्यालय रांची ने ग्रामिणो को संबोधित करते हुए उपरोक्त बातें कही।

कंबल वितरण अभियान से आसपास के ग्रामीण समुदायों के पिछडे और गरीब ग्रामीणों वर्गों को लाभ मिला, विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और उन परिवारों को, जो आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। यह पहल उन लोगों को सर्दी से राहत देने के लिए की गई थी, जो सर्दियों में विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे थे। इस पहल के तहत 80 स्थानीय ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए ।

## जेसीआई उड़ान ने गरीबों व जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्मः अदिति मेवाड़ा**

**गरीबों की सेवा से होती है सुखद अनुभूति : प्रिया लखोटिया**

बिभा संवाददाता



**रांची।** सामाजिक संस्था जेसीआई उड़ान(रांची)के सौजन्य से सामाजिक दायित्व कार्यक्रम (अन्नपूर्णा सेवा) के तहत राजधानी के रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर के निकट गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे गए। इस दौरान दुर्गा मंदिर के आसपास के गरीब व लाचार वृद्ध महिला-पुरुष के बीच चूड़ा गूंड़ व तिलकुट का भी वितरण किया गया। मौके पर जेसीआई उड़ान रांची की प्रेसिडेंट अदिति मेवाड़ा ने कहा कि प्रीत मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। जेसीआई उड़ान संस्था पीड़ितों की सेवा के प्रति हमेशा समर्पित भाव से लगी रहती है। वहीं, संस्था की सचिव प्रिया लखोटिया ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा से सुखद अनुभूति होती है। मानव जीवन का उद्देश्य सफल होता है। उन्होंने कहा कि जेसीआई उड़ान रांची द्वारा सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया जाता है।

इस अवसर पर दुर्गा मंदिर व आसपास के लगभग एक सौ जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्वेता अग्रवाल, कीर्ति बुधिया, विधि रायका, कीर्ति श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थीं। उक्त जानकारी जेसीआई उड़ान रांची की पूर्व प्रेसिडेंट अनिता अग्रवाल ने दी।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं, मत्स्यपालन से आर्थिक समृद्धि बढ़ाएं : अमरेन्द्र

बिभा संवाददाता

**मत्स्य कृषकों के लिए कार्यशाला आयोजित**



**रांची/लोहरदगा।** जिला मत्स्य कार्यालय में शुक्रवार को मत्स्य कृषकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, कृष्णा सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा, अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, रेवती हांसदा, सहायक मत्स्य निदेशक, पुष्पा कुमारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी श्रीमती कालेन ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि व्यावसायिक हो गई है, मत्स्य पालन भी कृषि का ही अंग है। आधुनिक तरीके से मछलीपालन कर अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं,

कृष्ण सिंह ने भोजन में प्रोटीन लेने के लिए मछली पालन करने का सुझाव दिया। सभी जलकरों को मछली से आच्छादित कर लोहरदगा जिले को अग्रणी जिला बनाने का संकल्प दिलाया। जिले के प्रगतिशील किसानों में पहलवान तिवारी, धनंजय तिवारी, पवन उरांव, मत्स्य बीज उत्पादक रोहित भगत, अंकित भगत ने संबोधित किया तथा अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, ने कहा कि कृषि मंत्री के दिशा निर्देश के आलोक में सभी जिलों में कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

जिसमें विभाग की योजनाओं, तथा एनएफडीबी पोर्टल पर पंजीकरण कराना प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा कुमारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।


# संक्षिप्त खबरें

## डॉ. सी. जगनाथन बने एसबीयू के कुलपति



**रांची(बिभा):** डॉ. सी. जगनाथन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। डॉ. जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है। बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है। इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। एसबीयू में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन (रिसर्च, इनोवेशन एवं एंट्रेप्रेन्योरशिप) जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। डॉ. जगनाथन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं माननीय सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दी और बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## रिम्स निदेशक ने 8 वर्षीय बच्ची के ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशन



**रांची(बिभा):** रिम्स निदेशक (प्रो.)डॉ. राजकुमार ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की एक 8 वर्षीय बच्ची के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। बच्ची के राइट सेरेबेलो पोंटीन एंगल में ट्यूमर था जिसकी सर्जरी काफी जटिल होती है। बच्ची को पिछले 6 महीने से उल्टी और सिरदर्द हो रहा था। जांच में बच्ची को ब्रेन ट्यूमर होने का पता चला जो सेरिबैलम, ब्रेनस्टेम और जुगलर फोरामेन के पास फैला हुआ था जो ऑपरेशन के दृष्टि से मस्तिष्क का कठिन क्षेत्र होता है। इस ट्यूमर को न्यूरोसर्जन सह रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार द्वारा कुशलतापूर्वक और धैर्यपूर्वक हटा दिया गया है। सर्जरी टीम में न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ आनंद प्रकाश सहित विभाग के अन्य वरीय रेजिडेंट व निश्चेतना विभाग के चिकित्सक शामिल थे। मरीज के जल्द ठीक होने की उम्मीद है।

## झारखंड के चर्चित कलाकार वीणाश्री, कुमार गहलोत एवं कविता होरो हुए सम्मानित



**रांची(बिभा):** विश्व हिंदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह दिवस के शुभ अवसर पर आज भगवा नारी सेना एवं छात्र क्लब ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन लालपुर स्थित बी.के.सहाय कंपाउंड में दो चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम के पहले चरण में गरीब, जरूरतमंद, असहाय लोगों के बीच स्वेटर, टोपी आदि गर्म वस्त्र एवं पौष्टिक आहार वितरण किया गया। दूसरे चरण में बी.के.सहाय कंपाउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर लघु मूवी कलाकार सह टी-सीरीज एवं आस्था चैनल के सिंगर वीणाश्री एवं भोजपुरी, छोटानागपुरी, फिल्मी, धार्मिक संगीत के क्षेत्र में झारखंड का नाम रौशन करने वाले गायक कुमार गहलोत एवं कविता हीरो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र क्लब ग्रुप के कानूनी सलाहकार अलख निरंजन वर्मा एवं विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा मौजूद थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से संस्था के प्रभात राजन, मोहम्मद आकिब, खुशबू सिंह, संगीता सिन्हा, अभिषेक दुबे, रंगम कुमार, ललित साहू, सुनीता पांडे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राज्यपाल से पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार राय ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट



**रांची(बिभा) :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार राय ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें नव वर्ष- 2025 की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं।

## राज्यपाल से लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र ने नव वर्ष की दी शुभकामनाएं



**रांची(बिभा) :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें नव वर्ष- 2025 की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं।

## कड़िया मुंडा से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की

**रांची(बिभा) :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कड़िया मुंडा से मिलने मेडिका अस्पताल पहुंचे। जिसमें रविंद्र सिंह, रमा खलखो, किशोर नाथ शाहदेव व अन्य शामिल थे। कड़िया मुंडा को इलाज के लिए मेडिका अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कड़िया मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान कड़िया मुंडा बोल रहे थे। डॉक्टरों ने बताया कि वह पहले से बेहतर हैं। नेताओं ने कड़िया मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुंडा से बात करने के क्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आप न सिर्फ एक राजनेता है अपितु झारखंड राज्य के अभिभावक भी हैं। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कड़िया मुंडा शीघ्र स्वस्थ होकर राज्यवासियों को अपना आशीर्वाद दें।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा की सदस्यता ली

बिभा संवाददाता



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।

रघुवर ने कहा कि 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ओडिशा का राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र ,मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

रघुवर ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की। इसकी में प्रशंसा करता हूं लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार-जीत लगी रहती है। जय-पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए।

रघुवार ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडी गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। साथ ही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता सरकार से अपील किया कि वह अपने वादे पूरे करें। हम कुछ महीने इंतजार करेंगे कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करें। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले रघुवर दास ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं भी इस महायज्ञ में ना योगदान देने के लिए तैयार हूं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद और रांची विधायक सीपी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता, कार्य करने में आनंद आता है : रघुवर



रांची : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आज प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक मजदूर के बेटे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो निष्ठावान कार्यकताओं को शिखर तक पहुंचाती है। मुझे मुख्यमंत्री ,राज्यपाल बनाया। अब मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं। एक ही उद्देश्य झारखंड को राष्ट्र विरोधी शक्तियों से बचाना। लोकतंत्र का दूसरा मंत्र है लोकजागरण। हमें झारखंड को घुसपैठियों और धर्मांतरण कराने वाली ताकत से बचाना है। उन्होंने कहा कि मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता हूं और संगठन कार्य करने में मुझे खुशी मिलती है।

भाजपा जनादेश का सम्मान करती है। जनता ने विधानसभा चुनाव में विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता एम्बेसडर बनकर संगठन और जनता के बीच कार्य करेंगे। हम फिट और फाइटिंग भाजपा बनाना है। सदस्यता अभियान में लाखों लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्यकताओं से आह्वान किया। बीजेपी सभी धर्म संप्रदाय का सम्मान करती है लेकिन लोभ लालच के बल पर हो रहे धर्मांतरण को पार्टी नहीं बर्दाश्त करेगी। आज फिर से PFI जैसे संगठन सक्रिय हैं। संथाल परगना को टारगेट किया जा रहा। जबकि उनकी सरकार ने PFI और प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर घुसपैठियों और अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो बीजेपी चुप नहीं बैठेगी।

प्रेसवार्ता में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## रघुवर दास पर झामुमो का कटाक्ष : हेमंत की गेंद पर आउट हो चुके खिलाड़ी को लेकर आई भाजपा

बिभा संवाददाता



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा दोबारा भाजपा की सदस्यता लेने पर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने व्यंग्य करते हुए कहा है कि भाजपा उस खिलाड़ी को फिर से बल्लेबाजी कराने के लिए लेकर आई है, जिसे वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन ने आउट कर दिया था। इसके बाद इलाज के लिए इन्हें ओडिशा भेजा गया। उन्होंने कहा, रघुवर दास खुद कहते रहे कि वहां वे भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। ऐसी बातें राज्यपाल को नियुक्त करने वालीं राष्ट्रपति के पास भी जरूर पहुंची होगी। संवैधानिक पद पर बैठा राज्यपाल सार्वजनिक रूप से ऐसी बातें करे तो यह लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ी विचित्र स्थिति है।

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने रघुवर दास के सदस्यता ग्रहण के मौके पर राहू और केतू के मिलन की बातें की। अब वही बता पाएंगे कि राहु-केतू कौन है? उन्होंने इस मौके पर पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन और मधु कोड़ा की उपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये लोग कहां गए? सिर्फ बाबूलाल मरांडी ही इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि रघुवर दास ने पांच महीने चुप रहने की बात की है, लेकिन उनका दावा है कि वे आगे भी बोलने की स्थिति में नहीं होंगे। राज्य की जनता ने उन्हें और उनकी पार्टी को नकार दिया है। भविष्य में भी झारखंड की जनता ने भाजपा को यहां से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।

## कांग्रेस नेता ने रघुवर दास के शपथ ग्रहण पर कसा तंज, कहा भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा फिर सामने आया: राकेश

बिभा संवाददाता

**रांची।** रघुवर दास के आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि एक बार फिर भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आया। उन्होंने ने कहा कि यही रघुवर दास जब इस राज्य के मुख्यमंत्री थे तो आदिवासियों की अस्मिता से जुड़े सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लाया और आज रघुवर दास को संस्कृति की याद आयी। अपने शासन काल में जिस प्रकार झारखण्ड की अस्मिता और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास किया यह किसी से छिप नहीं है।

श्री सिन्हा ने कहा कि छूटे हुए कारतुस से अब कुछ नहीं हो सकता खरमास का बहाना कर विधायकदल का नेता नहीं चुन पाने वाली पार्टी आज खरमास में सदस्यता कैसे दिलवा रही है। मतलब साफ कि झारखण्ड भाजपा में टूट का खतरा बढ. गया है। यही कारण है कि आज भाजपा के कई बड़े नेता रघुवर दास के सदस्यता ग्राहण समरोह में शामिल नहीं हुए।

उन्होंने कहा कि 5 वर्षों तक राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाले रघुवर दास ने राज्य को विकास के मामले में एक दशक पीछे धकेल दिया था कहीं ऐसा ना हो कि इस बार 22 सीट लाने वाली भाजपा अगले चुनाव में दो सीटों पर पहुंच जाए। यह साफ है कि भाजपा में तमाम आदिवासी नेताओं को हाशिये पर धकेल कर भाजपा आदिवासी समुदाय को भाजपा की राजनीति से निकलना चाहती है।

## केंद्र सरकार झारखंड के साथ मनमाना रवैया अपनाना बंद करें : सोनाल शांति

बिभा संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार झारखंड के साथ मनमाना रवैया अपनाना बंद करें राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं के मद में बकाया राशि के साथ-साथ अन्य मद की राशि भी केंद्र सरकार विमुक्त करे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों आवास आबंटित किए गए जबकि 2 वर्षों तक झारखंड के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए योजना के तहत आवासों का आवंटन नहीं किया गया। झारखंड वासियों को आवास उपलब्ध कराने की दशा में अबुआ आवास योजना शुरू की गई तीन कमरों के शौचालय, किचन सहित अबुआ आवास के मॉडल के लोकप्रिय होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनता एक कमरे का आवास लेना नहीं चाहती। केंद्र सरकार झारखंड में अबुआ आवास का मॉडल अपनाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को बढ़ाकर 2 लाख करे। झारखंड सरकार द्वारा छतविहिन लोगों को घर उपलब्ध कराने में अबुआ आवास के तहत अभी तक खर्च की गई 13000 करोड़ की राशि केंद्र सरकार वहन कर इसकी भरपाई करे।

उन्होंने मांग किया कि मनरेगा के तहत बकाया 6000 करोड़ की राशि भी केंद्र को तत्काल निर्गत करना चाहिए। इस वित्तीय वर्ष में हर घर नल से जल योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा किसी राशि का आवंटन नहीं किया गया जबकि केंद्र सरकार को 50% की राशि वहन करनी है। इस वित्तीय वर्ष में 3000 करोड़ से अधिक केंद्र सरकार पर इस योजना में बकाया होने से योजना की रफ्तार धीमी होने की संभावना है। झारखंड की जनता अच्छी तरह समझ रही है कि केंद्र सरकार के मुखिया झारखंड में मिली करारी हार से इस कदर विचलित है कि झारखंड को उसके वाजिब हक से वंचित कर रहे हैं।

केंद्रीय कोयला मंत्री झारखंड के दौरे पर हैं और मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के 136000 करोड़ की मांग को पुनः सामने रखा है। सीएसआर फंड का दायरा बढ़ाने और बंद हो चुकी खानों खदानों की भूमि झारखंड सरकार को वापस करने की मांग को गंभीरतापूर्वक लेते हुए तत्काल राशि का भी भुगतान करना चाहिए।

यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लोकसभा में झारखंड के बकाए के प्रश्न पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री सदन को गुमराह करते हुए किसी बकाया से इनकार करते हैं केंद्रीय मंत्री और अधिकारी बकाए राशि को स्वीकारते हैं यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए विध्वंसक है। इस वित्तीय वर्ष में झारखंड पांच माह तक चुनावी झंझावात में फंसा रहा राज्य में चुनावी दौर में आर्थिक गतिविधियां धीमी रही, विकास की गति अभी रफ्तार पकड़ रही है, अतः केंद्र को झारखंड का सभी बकाया सहित अन्य योजनाओं की राशि अविलंब निर्गत करनी चाहिए ताकि वर्तमान वित्तीय वर्ष के अपने लक्ष्य को राज्य तेजी से हासिल कर सके।

## यूजीसी की तीन सदस्यीय टीम ने रांची विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

बिभा संवाददाता



**रांची :** यूजीसी की सुलभता मूल्यांकन टीम ने रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और भवनों का निरीक्षण किया। इस तीन सदस्यीय टीम में आंध्रप्रदेश डिग्री एंड पीजी कॉलेज के जी. रामाकृष्णा रेड्डी, डॉ. हिमांशू दास, राष्ट्रीय संस्थान, विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण , और यूजीसी के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. अमोल अंधारे शामिल थे। टीम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और इमारतों में विकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करना था।

टीम ने रांची विश्वविद्यालय के बेसिक साईंस परिसर, पीजी आर्ट्स ब्लॉक सी और डी, मानविकी भवन, बहुद्देशीय परीक्षा भवन, केंद्रीय पुस्तकालय और प्रशासनिक भवन का दौरा किया। इसके अलावा, टीम ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, कक्षाओं, स्वास्थ्य केंद्र आदि को देखा और विकलांग छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों से बातचीत की। टीम ने कुलपति प्रो. डॉ. अजीत की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें तकनीकी सचिव और नोडल अधिकारी डॉ. बी.के. सिन्हा, कुलसचिव डॉ. विनोद नारायण, वित्त अधिकारी अजय कुमार, सीसीडीसी डॉ. पीके झा, वित्त पदाधिकारी डॉ. प्रीतम कुमार, प्रोक्टर डॉ. एम.सी. मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विकास कुमार, और डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह भी शामिल थे। बैठक में यूजीसी टीम ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इसके बाद, यूजीसी टीम ने रांची विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी सेमिनार हॉल में विकलांगता वाले छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों से भी बातचीत की। इस दौरान, रांची विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. बी.के. सिन्हा भी उपस्थित थे। बातचीत के दौरान रांची विश्वविद्यालय ने बताया कि बाकी सभी सुविधाओं का कार्य प्रगति पर है और इन्हें शीघ्र सभी स्थानों पर स्थापित किया जाएगा।

यूजीसी टीम रांची विश्वविद्यालय द्वारा शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट थी और उसने विकलांग छात्रों और कर्मचारियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इसके बाद, टीम ने माननीय कुलपति के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय का दौरा भी किया।

## विस अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने रेल ट्रैवल कूपन के मामले को लेकर साउथ ईस्ट रेलवे के पदाधिकारियों संग की बैठक

बिभा संवाददाता



**रांची :** विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में सदस्यों व पूर्व सदस्यों को दिये जाने वाले रेल ट्रैवल कूपन के मामले को लेकर साउथ ईस्ट रेलवे के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को देय सुविधा के तहत आरटीसी का झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को विगत एक वर्ष से आपूर्ति नहीं किये जाने से संबंधित थी। इस संबंध में सभा सचिवालय द्वारा दिसम्बर, 2023 को एक करोड़ रुपये का रेल ट्रैवल कूपन की मांग की गयी थी, परंतु साउथ ईस्ट रेलवे द्वारा रेल ट्रैवल कूपन अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अध्यक्ष ने बैठक में रेलवे द्वारा आरटीसी उपलब्ध नहीं कराने को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि इसके चलते सभी सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को रेलवे यात्रा में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

श्री अर्जुन मजुमदार डी. चीफ कमर्शियल मैनेजर, से रेलवे ने बैठक में अध्यक्ष को यह स्पष्ट किया कि कूपन मुद्रण से संबंधित कार्रवाई ली जा चुकी है. 45 दिनों के अंदर सभा सचिवालय को रेलवे कूपन उपलब्ध करा दिया जायेगा। विदित हो कि रेलवे के पदाधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि कमर्शियल जोन के रेलवे मुद्रणालय बंद हो जाने के कारण रेलवे कूपन मुद्रण में विलम्ब हो रही है। परंतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कूपन का मुद्रण कराये जाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। बैठक में अनिल कुमार सिंह, आरक्षण पर्यवेक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इधर रवीन्द्र नाथ महतो ने झारखण्ड विधान सभा की वेवसाईट में आये तकनीकी समस्या को लेकर एन०आई०सी० एवं जैप आई०टी० के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधान सभा के वेवसाईट में आये तकनीकी समस्या का अतिशीघ्र निदान करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

## ब्राउन शुगर के कारोबार का सरगना दो साथियों संग गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में नशे के सौदागरों पर पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है। विभिन्न थाना क्षेत्र से नशे के कारोबारी को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में ब्राउन शुगर का तस्कर कन्हैया को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो वह हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाने लगा। अन्य लोगों से अपील करने लगा की नशे के कारोबार में मत आइए। यह बहुत गलत रास्ता है। मालूम हो की कन्हैया समेत तीन ब्राउन शुगर तस्कर को सुखदेवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान तस्करों के पास से 11.48 ग्राम ब्राउन शुगर, 04 मोबाईल फोन, एक बाइक और 2300 रुपये नगद बरामद किया गया है।

बता दे कि रांची में नशे का कारोबार सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में फल फूल रहा है। तस्कर युवाओं को पैसे का लालच देकर ब्राउन शुगर की बिक्री कराते है। कई बार पुलिस ने कार्रवाई किया और तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा बावजूद यह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन रांची पुलिस का साफ निर्देश है किसी भी कीमत पर ब्राउन शुगर या अन्य कोई मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। कोतवाली डीएसपी के नेतृव में टीम लगातार नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# विधायक श्वेता सिंह ने आदिवासी समुदाय की संस्कृति को सराहा

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कनारी पंचायत के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई।

श्वेता सिंह ने बताया कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था की सबसे बड़ी पर्व है। दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। सोहराय पर्व फसल काटने के बाद पूस माह में 9 जनवरी से 14 जनवरी तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रत्येक संथाल आदिवासी परिवार अपने संबंधियों को आमंत्रित करतें है।

खास करके यह पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ता को भी समेटता है। छह दिन तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं। अपितु गाय, भैंस, बैल की भी पूजा करते हैं। 6 दिन तक चलने वाली इस पर्व का प्रत्येक दिन का अपना अलग-अलग महत्व और नाम भी होता है। इस पर्व के आखरी दिन आदिवासी समुदाय के लोग सभी प्रकार की नियम निष्ठा को मनाते हुए एक जगह सभी पुरुष-महिलाएं एकत्रित होकर सांस्कृतिक नाच-गान करते हैं और सोहराय पर्व का उत्साह के साथ समापन करते हैं श्वेता सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हमसभी को एकजुट होने की जरूरत है।आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल,जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है।आदिवासी समाज हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। जनजातियों के आर्थिक,सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध। श्वेता सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए हैं। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर सर्व गणेश मांझी, खेदन मांझी, अशोक मांझी, विनोद मांझी, नारायण मांझी, अनिल मांझी, राज कुमार सिंह, महेंद्र महतो, राजेश मंडल, झरी महतो विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्मर्षि परिवार ने कुणाल गौतम को यूपीएससी में 21वां रैंक हासिल करने पर किया सम्मानित

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के द्वारा यूपीएससी सीडीएस 2024 की परीक्षा में पूरे भारत में 21वां रैंक लाकर अपने शहर बोकारो के साथ-साथ अपने समाज अपने परिवार को गौरवान्वित करने वाले कुणाल गौतम पिता जयप्रकाश गौतम, पितामह अवधेश शर्मा को उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की गई। ज्ञात हो कि कुणाल गौतम बचपन से ही मेहनती छात्र थे अब उनका प्रशिक्षण देहरादून में होगा और प्रशिक्षण उपरांत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद को सुशोभित करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मर्षि परिवार के कमलेश राय, प्रेम कुमार, पीयूष राय, श्याम मनोहर सिंह, डीडी शर्मा, सुधीर कुमार, अनू रंजन शर्मा, संजय कुमार, देवनारायण सुधांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उनके पितामह अवधेश शर्मा बहुत ही भावुक नजर आए। कुणाल गौतम ने इसका श्रेय अपने परिवार, अपने गुरु और अपने समाज को दिया।



### बेहतर झारखंड ने गरीब महिला को दो माह का राशन मुहैया कराया

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** बेहतर झारखंड की टीम ने शुक्रवार को झोपड़ी कॉलोनी स्थित गरीब महिला पूजा देवी को 2 माह राशन मुहैया कराया। महिला के पति का कुछ दिनों पहले देहांत हो चुका था और महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वही उसके चार बच्चे हैं। झोपड़ी कॉलोनी वासियों ने बेहतर झारखंड के इस कार्य की काफी सराहना की। मौके पर समाजसेवी महिला राधा मेहता ने कहा कि बेहतर झारखंड की टीम काफी सराहनीय कार्य कर रही है। टीम ने उनके कहने पर तीन चापाकल की मरम्मत भी कराई है। आर्थिक रूप से कमजोर महिला पूजा देवी को 2 महीने का राशन देकर सराहनीय काम किया है। इस दौरान बेहतर झारखंड के संस्थापक विवेक सिंह ने कहा कि संस्था की टीम लगातार झोपड़ी कॉलोनी में महिलाओं के साथ जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुन रही है और जहां तक संभव हो सके उन समस्याओं को दूर करने में सार्थक पहल कर रही है। विवेक सिंह ने कहा कि पूजा देवी के बारे में उनकी टीम से महिलाओं ने संपर्क किया था जिसके बाद बेहतर झारखंड की ओर से महिला को राशन की व्यवस्था कराई गई है वही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी बेहतर झारखंड की टीम उस महिला की मदद कर रही है। मौके पर कामेश्वर सिंह, लालबाबू सिंह, नितिन सिंह, मनजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



### बोकारो के चीरा चास में दिनदहाड़े चोरी की घटनाक को दिया अंजाम

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** चीरा चास स्थित अपना घर अपार्टमेंट में गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। यह घटना फ्लैट नंबर जी-01 की है, जिसके मालिक कमलेश कुमार सिंह सुबह लगभग 9 बजे अपने परिवार के साथ रजरप्पा मंदिर पूजा के लिए गए थे। दोपहर 2:30 बजे जब वे लौटे, तो उन्होंने पाया कि उनके फ्लैट का मुख्य दरवाजा और सेफ्टी ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर का दृश्य भयावह था; सारा सामान बिखरा हुआ और अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे। कमलेश कुमार सिंह, जो एक कोचिंग संस्था के संचालक हैं, उन्होंने बताया कि लगभग 12 से 15 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और 30,000 रुपये नकद चोरी हो गए हैं। घर के दोनों कमरों में रखे अलमारियों के लॉकर तोड़कर चोरों ने कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना के बाद उन्होंने 100 नंबर पर पुलिस को सूचित किया और चीरा चास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की और अहम सुराग जुटाए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस चोरी की घटना ने इलाके में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने का संदेश दिया है। ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता और सुरक्षा उपायों की सख्त आवश्यकता है।



### चोरी की वारदात सीसीटीवी में हुई कैद, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** बोकारो में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर नहीं लग पा रहा है विराम। बताते चले की बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ में चोरों ने फिर दुकान को बनाया निशाना। बैखोफ होकर लगभग आधे घंटे तक चोरी की घटना को दिया अंजाम। चोर की करतूत सीसीटीवी में हुई कैद। बताया जा रहा है की दुकान के वेंटीलेटर से चोर घुसा और गल्ले से लगभग आठ हजार रुपए चुरा लिए। इससे पहले भी जैनामोड के इस मार्केट से दो महीने पहले तीन दुकानों से तीन लाख की हो चुकी है चोरी की घटना। जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ स्थित रामू सोरेन मार्केट की है घटना। अब जारीडीह थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



# वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने छात्रों की उपलब्धियों का मनाया जश्न



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** एक्सेल-30 सेंटर, ई एस एल की सीएसआर शिक्षा परियोजना प्रेरणा के तहत एक पहल है, जो ग्रामीण झारखंड में वंचित युवाओं पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है और ये मुहिम अनवरत जारी है। बिजुलिया में जून 2021 में अपनी स्थापना के बाद से, केंद्र ने छात्रों को सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लक्षित मार्गदर्शन और संरचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाया है। 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने प्रतिष्ठित एसएससी जीडी परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20 जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे। एक्सेल-30 सेंटर के एक समर्पित छात्र सोमनाथ महाता को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में शामिल होने का प्रतिष्ठित अवसर मिला है। चास ब्लॉक के रहने वाले सोमनाथ एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके पिता सौरेश महाता वेदांत ई एस एल में वेल्डर के रूप में काम करते हैं और उनकी माँ नमिता बाला देवी गृहिणी हैं। एक्सेल-30 सेंटर के एक अन्य छात्र शुभम तिवारी का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सेवा के लिए हुआ है। शुभम उसरडीह गाँव के रहने वाले हैं, जहाँ उनके पिता संजय कुमार तिवारी सुपरवाइजर के रूप में काम करते हैं और उनकी माँ बेबी देवी गृहिणी हैं। एक्सेल-30 सेंटर की ही पूनम कुमारी ने सीआईएसएफ में पद हासिल किया है। वे डुमरदाह गांव से आती हैं, जहां उनके पिता धर्मदास महतो दिहाड़ी मजदूर हैं और उनकी मां कजली देवी गृहिणी हैं। इसके अलावा, छह अन्य छात्रों ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जो एक्सेल-30 सेंटर की उत्कृष्टता को और उजागर करता है। सोमनाथ, शुभम और पूनम की उपलब्धियां प्रतिभा को निखारने और युवाओं को बहुमूल्य अवसर प्रदान करने, उन्हें अपने सपने पूरे करने और स्थायी प्रभाव डालने में मदद करने के लिए वेदांता ई एस एल के समर्पण का प्रमाण हैं।

# आखिरी मौका, 15 मार्च तक चास शहरी क्षेत्र फेज टू की पेयजलापूर्ति योजना शुरू करें एजेंसी: उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर विधायक बोकारो श्वेता सिंह, नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उन्होंने फेज वन एवं फेज टू की प्रगति के संबंध में कार्यरत एजेंसियों (जुडको) एवं अपर नगर आयुक्त (एएमसी) संजीव कुमार से जानकारी प्राप्त की। बैठक में फेज वन के तहत घरों में पेयजलापूर्ति शुरू है, जबकि फेज टू के तहत लगभग 11,500 हाउस होल्ड को पेयजलापूर्ति योजना से जोड़ा जोना है, जिसका कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को अप्रैल 2021 में पूर्ण होना था, लेकिन कोरोना काल के कारण इसके पूरा होने का कार्य को विस्तार कर दिसंबर 2024 किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी को आखिरी मौका देते हुए 15 मार्च तक हर हाल में पेयजलापूर्ति योजना को पूरा कर जलापूर्ति शुरू करने का संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया। इसके कार्य की प्रगति का दैनिक मानीटरिंग करने का एएमसी चास को करने का निर्देश दिया।

वहीं, पेयजलापूर्ति सेवा के लिए फेज वन के हाउस होल्ड के घरों में वाटर मीटर अधिष्ठापन की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर एएमसी चास द्वारा लगभग ढ़ाई हजार हाउस होल्ड द्वारा ही अब तक मीटर कनेक्शन लिए जाने की बात कहीं गई है। उन्होंने अवैध पानी कनेक्शन पर कार्रवाई करने एवं वाटर मीटर अधिष्ठापन को लेकर विशेष शिविर/अभियान चलाने की बात कहीं। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने शहरवासियों से पेयजलापूर्ति को लेकर वाटर मीटर अधिष्ठापन कराने को कहा। कहा कि नगर निगम द्वारा वाटर मीटर निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके लिए शहरवासियों को गृह स्वामी का आधार कार्ड, होल्डिंग टैक्स की रशिद साथ ले जाना होगा। अगर, किन्हीं के पास होल्डिंग नंबर नहीं है, तो वह भी नगर निगम कार्यालय में अवेदन देकर होल्डिंग नंबर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने शहरवासियों से इस कार्य में दिलचस्पी लेने की बात कहीं। वहीं, अवैध पानी कनेक्शन को काटने/कार्रवाई को लेकर भी टीम गठित करने को निगम प्रशासन को निर्देश दिया।

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र की सड़कों/नालियों आदि को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर गठित धावा दल (फ्लाइंग स्कावाड टीम) को नियमित अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने निगम क्षेत्र के सड़कों पर जहां – तहां बेतरतिब पार्किंग/अवैध पार्किंग को समाप्त करने के दिशा में ठोस कार्रवाई करने को कहा।

### 12 जनवरी को स्वदेशी स्वालंबन मेला में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता



**बोकारो।** रविवार को स्वदेशी मेला के प्रांगण में ड्राइंग, पेंटिंग और रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम निशुल्क है, (रंगोली के लिए रंग दिया जाएगा) ड्राइंग और पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थी सिर्फ ड्राइंग शीट दिया जाएगा ड्राइंग और पेंटिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थी को अपने साथ कलर और पेंसिल, रबर, स्वयं लेकर के आना होगा, यह प्रतियोगिता मजदूर मतदान सेक्टर 4 में स्वदेशी स्वालंबन मेला में किया जाएगा।

# रैयत मजदूर ने त्रिपक्षीय वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित किया



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** अलकुशा पंचायत के रैयत -गैर रैयत व मजदुरो की वियोजन रोजगार सहित सात सुत्री मांगो को लेकर गुरूवार की देर रात तक आठ घंटा कंपनी प्रबंधन, प्रशासन व रैयत मजदूर प्रतिनिधि मंडल के वर्ता हुआ। प्रबंधन ने मांगो पर सकारात्मक सहल करते हुए सहमति बनी। प्रबंधन ने लिखित आश्वासन देने के बाद रैयत मजदूर की घोषित 10 जनवरी से अनिश्चित काल धरना प्रदर्शन टल गया। प्रबंधन ने रैयत गैर रैयत मजदुर को तीन महीने के भीतर नियमानुसार नियोजन रोजगार योग्यता के आधार पर दिया जायेगा। पहली सुची में 80 रैयतों को नियोजन रोजगार दिया जायेगा। एंव शेष रैयत -- गैररैयत मजदुर को दिया जयेगा। जिसकी प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे रैयत युवा मजदुर नेता सनाउल्ला अंसारी ने बताया कि प्रबंधन के साथ सात सुत्री मांगो को लेकर हुई वर्ता संतोष जनक है। यदि कंपनी निर्धारित समय पर कंपनी नियोजन रोजगार सहित मांगो को पुरा नही करतीहै तो आंदोलन होगी। जिसका जिम्मेवार स्वयं प्रबंधन होगी। वर्ता में कंपनी के पीआर ओ हेड संजय सिन्ह, संजीव कुमार , धर्मेन्द्र कुमार रैयत प्रतिनिधि मंडल मुखिया रोहित रजक, ज्योति लाल महतो, लाल मोहन, इस्लाम अंसारी, मनोज दास, लखिनदर महतो, परवेज अंसारी, मानिक दास, मुर्शीद अंसारी, निभाई महतो, नितेश महतो, सुलतान अंसारी आदि रैयत मजदुर तथा प्रशासन शामिल थे। बतादूँ कि धोषित 10 जनवरी को आंदोलन को देखते हुए कंपनी प्रबंधन व रैयत मजदुर के साथ 6 से जनवरी लगातार प्रतिदिन वर्ता हो रही थी। 9 जनवरी को रात 11:30 बजे वर्ता सफल हुआ और आंदोलन को स्थगित कर दिया गया।

# तम्बाकू से तीन गुना ज्यादा गुल में निकोटीन होता है

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** उत्क्रमित +2 हाई स्कूल चिकसिया एवं उत्क्रमित हाई स्कूल द्वारिका में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय के बारे में बताया गया। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि झारखण्ड में कुल जनसंख्या का लगभग 38.9 प्रतिशत यानी संख्या में लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते है जिसमें 59.7 प्रतिशत पुरूष है और 17 प्रतिशत महिलायें है। और जो यह 17 प्रतिशत महिलाये हैं इसमें सबसे ज्यादा तर लोग या तो खैनी खाती है या फिर गुल का उपयोग करती है।



गुल में निकोटीन किसी भी तम्बाकू उत्पाद से लगभग तीन गुना ज्यादा होता है। जो मानव शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान करता है। तम्बाकू में पाये जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन होता है जो मानव शरीर में जाने के बाद लत का कारण बनता है। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी शिक्षक व बच्चों बताया गया कि भारत सरकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई टॉफी गाईडलाईन के अनुसार सभी स्कूल को तम्बाकू मुक्त रखना है जिसमें केवल शिक्षक की ही जवाबदेही नही बल्कि बच्चों की भी जवाबदेही है कि वह अपने विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखें।

# बोकारो में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पेटरवार की टीम ने जीता फुटबॉल प्रतियोगिता

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** नेहरू युवा केंद्र बोकारो युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में किया गया जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल कबड्डी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फुटबॉल प्रतियोगिता में पेटरवार की टीम ने चंदनक्यारी को 0 के मुकाबले 2 गोल से पराजित कर चैंपियन बना। बालिका कबड्डी टूर्नामेंट में नावाडीह प्रखंड की टीम ने पेटरवार प्रखंड को 6 को मुकाबला 15 अंक से पराजित किया और चैंपियन बनी। एथलीट प्रतियोगिता के 400 मीटर रेस बालक में चंद्रपुर के पंकज कुमार महतो प्रथम स्थान चार्ज प्रखंड के ठाकुरदास महतो द्वितीय स्थान नवादी प्रखंड के कृष्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 200 मीटर रेस बालिका में 50 प्रखंड की अभिशा कुमारी ने प्रथम स्थान कश्मार प्रखंड की रेणु कुमारी ने द्वितीय स्थान पर परिवार की मीना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया लंबी कूद बालक में संजय को अपने प्रथम स्थान राज्य उरांव ने द्वितीय स्थान व कृष्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्किपिंग प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम स्थान खुशी कुमारी द्वितीय स्थान हिना राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके पूर्व नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि किम्स के महामंत्री संग्राम सिंह ने विजेता वउपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया मौके पर जगदीश महतो, विश्वनाथ महतो, बीरबल राय भीमसेन टूडु संजय कुमार, विश्वनाथ गोप, भीमसेन महतो, शामिल रहे।

### रोटरी करेगा दिल में छेद वाले बच्चों का निशुल्क इलाज

**बोकारो।** रोटरी गिफ्ट ऑफ़ लाइफ के तहत वैसे बच्चे जिनके दिल में छेद है उनका ऑपरेशन निशुल्क करायेगी। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने बताया की रांची स्थित राज हॉस्पिटल में प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 1:00 बजे से 4:00 बजे तक डॉ राजेश झा द्वारा मरीज की स्क्रीनिंग की जाएगी। 4 मार्च को अंतिम मेगा स्क्रीनिंग कोच्चि के अमृता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।यह सुविधा 6 माह के बच्चे से लेकर 18 साल के बच्चे तक को मिलेगी। बैद ने बताया यह सुविधा केवल बीपीएल कार्ड एवं पीला कार्ड धारक को ही मिलेगी। कोच्चि आने-जाने का खर्चा मरीज को वहन करना पड़ेगा लेकिन ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क होगा। यदि मरीज चाहें तो अपने डॉक्टर के माध्यम से भी फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार, विभिन्न विभाग निकालेंगी झांकी

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व 76 वें. गणतंत्र दिवस समारोह को मनाया जाएगा। शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए इसे सुनिश्चित करने को कहा गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से राष्ट्रीय पर्व 76 वें. गणतंत्र दिवस को मनाया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बीएसएल के उप निदेशक को समन्वय स्थापित कर तैयारी करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर बोकारो क्लब को आरक्षित करने एवं अन्य तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिया। कहा कि जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका ससमय अनुपालन करेंगे। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन मैदान, सेक्टर 12 में मेडिकल टीम को रखने को चिकित्सा पदाधिकारी को कहा।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सामान्या शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सीआरपीएफ के प्रतिनिधि, सर्जेंट मेजर, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

### इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रीत करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया। निम्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जाएगी। जिन्में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग सहकारिता/आपूर्ति/ आपदा विभाग, गव्य एवं पशुपालन,कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग/जिला अग्रणी बैंक/ नाबार्ड, परिवहन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर निगम चास, शिक्षा विभाग, खेल कूद एवं पर्यटन विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग, जेएसएलपीएस, खनन विभाग शामिल है।



# मानव संसाधन और परियोजना प्रभाग पहला सर्वेलेंस ऑडिट संपन्न


बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन तथा परियोजना प्रभाग के लिए आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस पर पहला सर्वेलेंस ऑडिट मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता के द्वारा किया गया. मानव संसाधन के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), हरि मोहन झा के द्वारा किया गया. मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता ने टीयूवी की ऑडिटिंग प्रक्रिया और आवश्यकताओं पर एक संक्षिप्त विवरण दिया. उद्घाटन बैठक में मानव संसाधन के सभी अनुभागीय प्रभारी के साथ बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के अधिशासिगण उपस्थित थे. ऑडिट का समन्वयन अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) तथा बी बनर्जी, महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) के द्वारा किया गया। परियोजना प्रभाग के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अमरेंद्र झा के द्वारा किया गया. 10 जनवरी को आयोजित समापन बैठक में अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) ने सभी का स्वागत किया. ऑडिटर अमिताभ सेनगुप्ता ने लेखापरीक्षा निष्कर्ष प्रस्तुत किए और ओएफआई (सुधार के अवसर) का संकेत दिया. कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अमरेंद्र झा ने कहा कि ऑडिट एक अवसर है जो हमें अपनी प्रणालियों में लगातार सुधार करने और प्रक्रियाओं को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### देश का गौरव श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव की हुई तैयारी

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** देश का गौरव अयोध्या का श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्ष सरदार भगत सिंह चौक खूँटी में कल धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर बाबा आम्रेश्वर धाम सहित खूँटी, तोरपा, कर्रा, जरिया गढ़ आदि सभी थाना क्षेत्रों में लोग भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना करेंगे। वहीं बाबा आम्रेश्वर धाम में आज धूमधाम से पूजा अर्चना किया जाएगा। इसी क्रम में शहर के भगतसिंह चौक में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति व श्री रामनवमी पूजा समिति द्वारा बजरंगबली हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा। साथ ही, विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। वहीं भंडारे के साथ सवा क्विंटल बुंदिया प्रसाद बनाया जा रहा है। साथ ही, खिचड़ी व खीर पुड़ी बनाया जा रहा है। इस बार प्रथम वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर है। वहीं खूँटी के भगतसिंह चौक समेत पूरा जिला इस प्रथम वार्षिकोत्सव को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।



### जिले में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस बिमारी से सुरक्षा के लिए तैयारी शुरू

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** जिले में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस का संक्रमण बिमारी से सुरक्षा के लिए तैयारी की जा रही है। हालांकि झारखण्ड में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस का संक्रमण का लक्षण दिखाई तो नहीं दिया है। पर, खूँटी के सदर अस्पताल में सुरक्षित रखरखाव को लेकर आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहे हैं। लोग मास्क पहने और कार्य करें इस पर भी एहतियात बरता जा रहा है। खूंटी के सदर अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहा है जिसमें ऑक्सीजन युक्त शय्या लगे होंगे। ताकि इसके लक्षण पाए जाने पर ऑक्सीजन की कमी होने के साथ ही भर्ती कराया जा सके। वही अभी से ही सदर अस्पताल में मास्क लगाकर चिकित्सक या नर्स भी उपचार करने लगी है। जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर नागेश्वर मांझी ने बताया कि हालांकि एचएमपीवी के मरीज झारखंड में नहीं है लेकिन अगर ऐसी समस्या आ जाए तो उसे बचाव के लिए खूंटी के सदर अस्पताल में 10 शय्या का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहे हैं। जिसमें ऑक्सीजन भी लगा हुआ है। वहीं मरीजों को इससे बचाव व सुरक्षा हेतु मास्क का उपयोग सावधानी के लिए जानकारी दिया जाएगा। यह एक संक्रमण का बीमारी है जिसमें सर्दी खांसी होता है और सांस लेने में दिक्कत होती है ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। इसलिए सभी को चाहिए कि ऐसी बीमारी से बचाव के लिए मास्क का उपयोग करेंगे।



### मरम्मती कार्य की गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर उपप्रमुख ने जतायी नाराजगी

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** मुरहू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुराने अस्पताल भवन में चल रहे मरम्मती और रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें इसके मरम्मती के कार्य की प्रक्रिया व गुणवत्ता से कोसों दूर जैसे तैसे किये जाने से जानकारी मिलते ही शुक्रवार को मुरहू के उप प्रमुख अरुण साबू ने कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे। जहाँ हो रहे कार्य की गुणवत्ता देख कर काफी नाराज होकर विफर गये। वहीं इस मरम्मती कार्य में लिपापोती किये जाने पर उपप्रमुख ने उप विकास आयुक्त को तत्काल ही जानकारी दी । उन्होंने कहा कि ठेकेदार के द्वारा कराये जा रहे कार्य असंतुष्ट जनक है वहीं उपविकास आयुक्त से बताया कि इसके गुणवत्ता से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि योजना किस विभाग से कार्य किया जा रहा है इसके लिए जिला से कोई भी योजना किसी प्रखण्ड में आता है। तो कार्य की स्टीमेट या सूचना हमारे प्रखण्ड कार्यलय को नहीं मिलता है। जिससे होने वाले कार्य की गुणवत्ता जिले के सहायक अभियंता पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजना की जानकारी प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्य और सम्बंधित नव योजना की भूमि का सत्यापन हेतु अंचल से भी पूछ लिया जाय ताकि कार्य संपादन और गुणवत्ता दोनों ब्लॉक स्तर से भी जाँच की जा सके। उप प्रमुख ने उपायुक्त से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है।



### तीन दिवसीय ग्राम प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को सम्पन्न

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** मुरहू प्रखण्ड कार्यालय में चल रहे 3 दिवसीय ग्राम प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। जो 8 जनवरी से 10 जनवरी तक मुरहू परिसर में चल रहा था। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किया जबकि कार्यक्रम का समापन में उप प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान उपप्रमुख अरुण साबू ने कहा कि अब ग्रामों में विकास का काम करने में गुणवत्ता आएगी। सभी पंचायत के सचिव मुखिया सहित विभाग के अधिकारी ने प्रशिक्षण लिया। उप प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरहू ने सभी उपस्थित जनों से जानकारी लिया कि प्रशिक्षण का लाभ आप फरवरी माह से अपने आने पंचायत में दिखेंगे और साथ ही कोई समस्या आये तो जिला कोडिनेटर से बात करें।



# प्रखंड स्तरीय गुरु गोष्ठी का किया गया आयोजन

बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** प्रखंड का माह जनवरी 2025 का मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय खूंटी के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने किया बैठक में खूंटी प्रखंड के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए । निम्न बिंदुओं पर सभी शिक्षकों को कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिसमें एमडीएम ऑडिट, पोशाक कक्षा 1 से 8 और क्लास 9 से 10 तक के जिन बच्चों का पोशाक नहीं मिला है या किसी तरह का कोई त्रुटि है उसकी त्रुटि को दूर करने का आदेश दिया गया । अपार आईडी जेनरेट कराना, आकांक्षा की परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने का निर्देश दिया गया, शिशु पंजी का कार्य पूर्ण करने, एनीमिया की गोली सभी बच्चों को समय पर देने पर जोर दिया गया। परीक्षा पर चर्चा मैं बच्चों का रजिस्ट्रेशन करना, ई कल्याण पोर्टल पर प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति में 100% बच्चो का छात्रवृत्ति हेतु रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन कार्य। और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति सामान्य बच्चों का डाटा उपलब्ध कराना, यू डाइस का कार्य को पूर्ण करना यथा GP, EP, PF और ड्राप बॉक्स से बच्चो को इम्पोर्ट करना, नवोदय विद्यालय का का कक्षा 6 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को होगा। रत्नहढ का लिंक को भरना , शिक्षक छात्र उपस्थित 100% बनाना, साइकिल वितरण का कार्य निर्धारित क्लस्टर में वितरण हो रहा है व शौचालय चापानल मरम्मती और जर्जर भवन का भी सूचना दें । गुरु गोष्ठी में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार राम और अनीता लकड़ा योगदान रहा। यह जानकारी शिक्षक रियाज आलम ने दी।



### जिप सदस्य ने मॉडल स्कूल खूँटी में विज्ञान संकाय शिक्षक उपलब्ध कराने की उपायुक्त से की मांग

**खूँटी ।** मॉडल स्कूल खूँटी में जिला परिषद सदस्य सुशील संगा ने उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी से विषयवार उच्चत्तर माध्यमिक शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूल में कक्षा छः से 12वीं तक के कुल 174 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय में उच्चत्तर माध्यमिक के विज्ञान संकाय एवं कला संकाय की कक्षाएँ संचालित है। विज्ञान संकाय के एक भी शिक्षक विद्यालय में उपलब्ध नहीं होने के कारण विज्ञान संकाय के बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इधर फरवनी 2025 में खअउ की वार्षिक परीक्षा भी निर्धारित है। शिक्षक की कमी के कारण विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राएँ काफी असहज महसूस कर रहे हैं। इसलिए तत्काल विज्ञान संकाय के लिए कोई वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था करने की आवश्यकता है ।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह व पूर्व संध्या की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बी0 एस0 कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोतोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की छात्राओं द्वारा गाया जाएगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए पुराना कार्यालय परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन उपायुक्त,लोहरदगा और केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। अन्य सभी कार्यालयों में कार्यालय प्रधान अपनी सुविधानुसार झंडोतोलन करेंगे। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ शिक्षक व अन्य उपस्थित थे।

# बीस दीदीयों को मिला वॉल हैंगिंग पेपरमेसी का प्रशिक्षण




बिभा संवाददाता

**खूँटी।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम बोर्ड के द्वारा 25 दिवसीय वॉल हैंगिंग पेपर मेसी प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में सभी दीदियों को पेपर से बनने वाले मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिया गया है। अल्मा मेटर एजेंसी के द्वारा एक विशेष 'पेपर मेसी प्रशिक्षण 25 दिवसीय कार्यशाला किया गया। जिसमे सरायकेला प्रखण्ड के सीनी पंचायत के सीनी गांव के 20 दीदीयों को वॉल हैंगिंग पेपर मेसी का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कला प्रेमियों को पेपर मेसी कला की तकनीकों और विधियों के बारे में प्रशिक्षण देना और उनको रोजगार से जोड़ना है। अल्मा मेटर संस्था एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड ,रांची के सौजन्य से वेस्ट पेपर से निर्मित उत्पाद का प्रशिक्षण कराने एवं महिला दीदीयो को स्वावलंबी बनाने के लिए पेपर मेसी की 25 दिवसीय मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड से जिला उद्यमी समन्वयक एडलीन भूतकुंवार, प्रखंड समन्वयक सुनील कुशवाहा , अल्मा मेटर से भूपेंद्र कंसारी, जय दास, श्याम कुमार साहू के द्वारा 20 दीदियों को प्रमाण - पत्र एवं टूल किट दिया गया। इस इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिनी पंचायत की मुखिया जावंत्री मुर्मू का बहुमूल्य सहयोग रहा। मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम महिला दीदियों को रोजगार से जोड़ पाएंगे और अपने जीवन यापन के लिए अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान कर सकेंगे।

### जंगली हाथी ने महिला को सूंड में पकड़ कर पटका, गंभीर रूप से घायल

**सिल्ली।** शुक्रवार शाम को जंगली हाथी के साथ एक महिला का मुठभेड़ हो गया बताया जाता है हाथी ने महिला को सुंड़ में पकडकर पटक दिया, जिसे महिला गंभीर रूप से घायल हुई. घटना सिल्ली प्रखंड अंतर्गत अजयगढ़ टोला राजाटांड की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजाटांड निवासी सीता राम महतो की पत्नी प्रमिला देवी मायके नवाडीह से अपना घर जा रही थी इसी दौरान दोसीमा ठीग ठीग पाखना के समीप जंगली हाथी के साथ मुठभेड़ हो गया। हाथी रोधक दस्ता रामरतन महतो ने बताया आनन फानन में 108 एम्बुलेंस बुलाकर घायल महिला को सामुदायिक अस्पताल सिल्ली पहुंचा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। हद तो तब हुआ जब सोशल मीडिया में एक व्यक्ति ने हाथी द्वारा महिला को जान मार देने की खबर वायरल कर दिया। वही घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि डॉ वकील महतो व वनकर्मी पहुंचे और तत्काल इलाज के लिए नगद 5 हजार रूपये घायल महिला के परिजन को दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, बताया जाता है लोगों में वनकर्मी की प्रति आक्रोश है।

## बिरसा महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर सेमिनार का आयोजन

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** बिरसा महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य जे कीड़ो ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।
जे कीड़ो ने हिंदी की वैश्विक उपस्थिति की चर्चा करते हुए हिंदी के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि हिंदी की प्रकार भारत की सीमा रेखा से बाहर अपना वर्चस्व बना रही है।इसी के साथ उन्होंने हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और उसकी प्रगति में योगदान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी,1975 को पहली बार विश्व हिंदी सम्मेलन की शुरुआत की गई थी,इसलिए आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है।
इस अवसर पर डॉ सुधांशु शर्मा ने हिंदी को भारत की एकता और सांस्कृतिक विविधता के लिए आवश्यक बताया।उन्होंने बताया कि हिंदी बोलियों का समूह है जो इसकी ताकत है। डॉ अभिषेक ने इसे सांस्कृतिक साम्राज्यवाद से जोड़कर इसका वैश्विक प्रचार आवश्यक बताया। डॉ के मिंज ने हिंदी के सहारे किस प्रकार आदिवासियों की स्थिति बेहतर हो रही इसकी चर्चा की।
राजकुमार गुप्ता ने हिंदी की वर्तमान स्थिति की चर्चा की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे हिंदी आज विश्व के अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही और सिनेमा के माध्यम से हिंदी कैसे आगे बढ़ रही। इस अवसर पर डॉ संगीता सांगा, डॉ प्रियंका, प्रो. इंदिरा ने भी विचार रखे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भी भागीदारी की। माटिल्डा कंडुलना, नम्रता, सिंगा आदि ने कविता पाठ किया।कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित भारी संख्या में बच्चे मौजूद थे। यह जानकारी महाविद्यालय के राजकुमार गुप्ता ने दी।

## दो बाइक के टक्कर से एक की मौत, महिला समेत दो घायल

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले में मोटरसाईकिल से हो रही सड़क दुर्घटना कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं वृहस्पतिवार शाम को खूँटी-राँची मार्ग पर तजना नदी मोड़ के पास दो बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि मृतक की पत्नी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें मृतक की पहचान बेलांगी गाँव निवासी 55 वर्षीय दिनेश कश्यप के रूप में हुई । जो सहारा इंडिया का एजेंट के रुप में काम करता था। इस हादसे में उसकी पत्नी 50 वर्षीय बीणा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे भी सिर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार दिनेश कश्यप अपनी पत्नी बीणा देवी के साथ बाइक से खूँटी से बेलांगी अपने लौट रहे थे। इसी क्रम में तजना नदी मोड़ के पास विपरित दिशा से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गयी। इस हादसे में दिनेश कश्यप की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिसमें दूसरी ओर, दूसरे मोटरसाइकिल में सवार स्थानीय गिरजाटोली निवासी युवक विक्रम मुंडा को भी गंभीर चोट लगी है। दोनों ही घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई कीनू कश्यप ने बताया कि उनके भाई और भाभी खूंटी से घर जा रहे थे इसी क्रम में रांची के तरफ से एक बाइक वाला आया और सीधे टक्कर मार दी जिससे भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि भाभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शुक्रवार को दिवंगत दिनेश कश्यप के पार्थिव शरीर का अन्त्यपरिक्षण किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

## बिरसा कोरिडोर का दो वर्ष बाद भी अबतक नहीं हुआ काम शुरू

**खूँटी।** जिले के विकास के लिए जनजातीय मंत्रालय के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का एक महत्वपूर्ण पहल बिरसा कोरिडोर का निर्माण किया जाना था। इस बिरसा कोरिडोर में बिरसा मुंडा से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों डोम्बारी बुरु, उलिहातु , एटकेडीह और चलकद गाँव का विकास कार्य किया जाना था। जिसके लिए केंद्र सरकार ने उसके लिए राशि भी उपलब्ध करा दी है। पर, अब तक इसका काम शुरू तक नहीं किया गया है। भगवान बिरसा मुण्डा के नाम पर ऐतिहासिक स्थलों का विकास के लिए दो वर्ष पहले ही 2023 ई में ही अनुमोदित हो चुका है पर काम शुरू नहीं हुआ है। वहीं अर्जुन मुंडा के पहल पर 40 करोड़ रुपए निर्गत किये जा चुके हैं। पर, काम शुरू नहीं होने से उन गाँवों में होनेवाले विकास कार्य थम गया है। और राशि दो वर्षों से धरा का धरा रह गया है। इस योजना के द्वारा से बिरसा मुंडा से जुड़े खूंटी के उन सभी स्थानों का विकास कर ऐतिहासिक धरोहर के रुप में विकसित करना है। जिसके लिए भारत सरकार जिले को 40 करोड़ रुपए राशि मुहैया कर दी है। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं किया गया है। झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने बताया कि शहीद बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक धरोहर का विकास और सुरक्षित रखने के लिए भारत सरकार के द्वारा बिरसा कॉरिडोर बनाया जाना था जिसके लिए पैसा तक दे दिया गया है लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। इस योजना के द्वारा से बिरसा मुंडा से जुड़े खूंटी के उन सभी स्थानों का विकास कर ऐतिहासिक धरोहर के रुप में विकसित करना है। जिसके लिए भारत सरकार जिले को 40 करोड़ रुपए राशि मुहैया कर दी है। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं किया गया है। हाल ही में उपायुक्त से हमने बात की है जल्द ही काम शुरू हो जाना चाहिए ऐसा विश्वास है।



### लातेहार जिले में बेलगाम होते जा रहे हैं अपराधी

**चंदवा।** जिले में अपराधी बेलगाम हो जा रहे हैं बालूमाथ के बाद अब चंदवा में भी गोली बारी कर रहे हैं बताते चले की कुडू से उदयपुर तक हो रहे फोरलेन लाइन निर्माण कार्य मे लगी कंपनी बर्बरीक व प्यारे इंडिया के साइट को बनाया निशाना। पल्सर बाइक से आए थे अपराधी 8 से 10 राउंड की फायरिंग, मौके पर पहुंची पुलिस एवं जांच जारी है, चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच किनारे की घटना।

### लोग गलत का विरोध खुलकर करें तभी बदलाव आयेगा : अमित महतो




**सिल्ली/बिभा संवाददाता।** सिल्ली विधायक अमित महतो सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सिल्ली सोनाहातु राहे एंव अनगड़ा प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में लगातार बारी बारी से जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे है और उनके निराकरण के दिशा में पहल कर रहे है इसी कड़ी में शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड के हालमाद और हाकेदाग पंचायत में जनता दरबार लगा। जनता दरबार में लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्या से जुड़े मामले को लेकर आवेदन जमा किये। विधायक ने उन आवेदनों का यथा शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिया। विधायक ने कहा ग्रामीण गलत का विरोध खुलकर करे, चाहे राजनीति हो या समाज इतिहास आवाज उठानें वालों का लिखा जाता हैं,तलवें चाटनें वाला का नही गलत बात पर चुप रहना या फिर बिना वजह किसी की हां में हां मिलाना या चापलूसी करना एक बहुत बड़ा दुर्गुण है। मौके पर झामुमो नेता फागु चंद्र मांझी फखरुदीन अंसारी सुयोग साहू संतोष साहू अर्जुन बेदिया अजित भगत पूरन बेदिया रघु बेदिया दिलीप बेदिया वीडीओ अनिल कुमार सीओ अरुणुमा एक्का बीओ कमल नाथ महतो वार्ड सदस्य आशा देवी किरण देवी जानकी देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तोरपा में कांग्रेस ने निकाला बाबा साहेब डॉ अम्बेदकर सम्मान मार्च

बिभा संवाददाता




**खूँटी।** तोरपा में खूँटी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। तोरपा के हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रैली एनएचपीसी गेट से शुरू होकर मेन रोड होते हुए कोटेंगसेरा स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंची और फिर सभा किया गया। इस सम्मान मार्च में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश के सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस किसी भी हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस वालों को न संविधान में भरोसा और न ही लोकतंत्र में। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के अपमान के विरोध में पूरे देश में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन से 26 जनवरी तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार का मार्च निकाला जा रहा है। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना भाजपा और आरएसएस की फितरत है। सिरिबेला ने कहा कि भाजपा और आरएसएस को न आजादी मंे विश्वास है और न ही संविधान में। उन्होंने कहा कि इस देश की अस्मिता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सम्मान मार्च में कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, कांग्रेस के प्रभारी अमरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, अदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विल्सन टोपनो, पीटर मुंडू, कुणाल कच्छप, प्रकाश भुईया, कैसर खान, विनायक राय, छत्रपाल साहू, पवन साहू, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जॉन कंडुलना, सामंडोम टोपनो, सुनीता गोप, वेद प्रकाश मिश्रा, अख्तर अहमद, शिब्लू खान, प्रवीण कर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीएचसी कर्रा में सेवानिवृत स्वस्थ्य कर्मीयों का विदाई

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** कर्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्रा के दो स्वास्थ्य कर्मी प्रदीप कुण्डु एवं सुनील कुमार के सेवा निवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि सीएस नागेश्वर मांझी ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मी को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों स्वास्थ्य कर्मी अपने विभागीय कार्यों से सेवा निवृत्त होकर अपने जीवन के बाकी बचे हुए समय को परिजनों, इष्टमित्र, सगे सम्बन्धियों से मिलकर जीवन का आनंद लें। इसके लिए मैं इश्वर से प्रार्थना करता हूँ। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शकील अहमद ने कहा कि दोनों स्वास्थ्य कर्मी विभाग के रीढ़ थे.दोनों विभाग द्वारा दिए कार्यों को मेहनत और लगन से समय पर करते थे। विशेष तौर पर प्रदीप कुण्डु सभी प्रभारी के दिमाग में पहले आते थे. चाहे डॉक्टर जमाल सर,डॉक्टर विजय सर हो या मैं इन्हें किसी भी समय बुलाते ये दौडे चले आते थे. ये अपने जीवन के 34 वर्षो के सेवा काल में बेदाग रहते हुए अच्छे कार्यों के लिए कई प्रस्तिति पत्र प्राप्त किए हैं. इससे इनका अपने कार्यो के प्रति समर्पित शे. मै इनके प्रति जितना भी कहुं कम ही होगा।

संपादकीय

## क्या शिक्षा का अधिकार ऐसे ही सार्थक होगा?

यदि हमारे देश भारत के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निःस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। देश में आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं, समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें। जरूरत इस बात की है कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं, दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

लेखक



रमेश सर्राफ धमोरा

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का 'अष्टाध्यायी' व पातंजलि का



'महाभाष्याधायी' का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।

अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर संन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें, मैं यहां भजन सुनाऊंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन-

प्रभु मोरे अवगुण चित न धरो।
समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो॥

इसे सनुकर स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी संन्यास की तरफ उन्मुख हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया।

इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है, उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये।

# अपने ही जाल में उलझे अरविंद केजरीवाल

लेखक



मनोज कुमार मिश्र



लगातार तीन विधानसभा चुनाव अपने एजेंडे पर लाने वाले आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस बार बुरी तरह फंस गए हैं। शराब घोटाले में छह महीने जेल में रहने के बाद 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिलने पर बाहर आए केजरीवाल पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा तो 7 जनवरी को हुई। इस बार विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। जेल जाने के समय केजरीवाल इस्तीफा न देने पर अड़ गए और तमाम फजीहत के बाद जेल से बाहर आकर इस्तीफा दिया। अपने स्थान पर आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे भी मुख्यमंत्री बनने के साथ ही राजनीतिक नाटक करने लगीं। दूसरी कुर्सी पर बैठी। अपने को केयर टेकर मुख्यमंत्री बताने लगीं।

चुनाव की घोषणा से काफी पहले से ही आआपा ने अपने उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए। टिकटों में आम राजनीतिक दलों से भी आगे बढ़कर दलबदल करने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी गई। देखा-देखी यही काम कांग्रेस और भाजपा ने किए। वे 12 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार अपनी कट्टर ईमानदार होने के दावे पर धब्बा लगने के बाद चुनाव जीतने के लिए हर तरकीब का सहारा लेने में सबसे आगे हैं। बिजली, पानी, महिलाओं को डीटीसी बसों में फ्री यात्रा करवाने का दावा करने के बाद महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने और साठ साल से ज्यादा उम्र के लोगों की फ्री इलाज योजना की घोषणा करने के अलावा विभिन्न धर्म के पुजारियों को वेतन देने से लेकर दिल्ली में जाट जाति को आरक्षण देने की सिफारिश करने आदि घोषणा हर रोज केजरीवाल कर रहे हैं।

विपक्षी दल लगातार उनकी घोषणाओं की खिल्ली उड़ा रहे हैं। पहले केजरीवाल अपने को कट्टर ईमानदार होने के दावे पर आक्रामक प्रचार करते रहे हैं। अपने दल को अन्य दलों से भिन्न बताने का दावा करते रहे हैं। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने और अपने सरकारी आवास पर बेहिसाब खर्च करने के बाद तो वे अपने लोगों के भी निशाने पर आ गए हैं। अब तो सभी उनके सरकारी सुविधा न लेने के दावे से लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जनलोकपाल बनाने के उनके दावे की खिल्ली उड़ाई जा रही है। दिल्ली के इतिहास में संभवतः पहला मामला होगा कि कोई सरकार कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में न रखे। पूरी दिल्ली चुनाव प्रचार के रंग में रंग गई है, केजरीवाल और उनकी पार्टी की समस्या है कि वे जितना ही चुनाव प्रचार की दिशा बदलने की कोशिश कर रहे हैं, चुनाव प्रचार उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों पर आ जा रहा है। वे दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का दावा करते हैं और जब नए कालेज, विश्वविद्यालय और अस्पताल की बात की जाती है तो वे और उनके नेता गलत दावे करके विषय को बदलने का प्रयास करते हैं। सबसे अजीब तर्क तो हर साल दिल्ली का बजट बढ़ाने के दावों के लिए दिया जाता है। शायद उनको और उनके समर्थकों को पता नहीं है कि दिल्ली का बजट शुरू से हर साल केवल बढ़ता ही नहीं रहा है बल्कि वह लगातार खर्च से ज्यादा राजस्व (सरप्लस रेवेन्यू) वाला राज्य रहा है। इसी के चलते उसे 1994-95 में पहली बार पद सृजित करने के अधिकार इस शर्त पर केन्द्र सरकार ने दिए कि राज्य की यह स्थिति बनी रहेगी। शर्त यह थी कि यह अधिकार तभी तक रहेगा जबतक राजस्व गैर योजना मद से ज्यादा इकट्ठा होता रहेगा। उससे पहले दिल्ली की सरकार को चौथी श्रेणी के भी पद सृजित करने के अधिकार नहीं थे। जो हाल दस साल में आआपा की सरकार ने बना दिए हैं कि किसी भी समय यह अधिकार उससे छिन सकता है।

पहले तो उन्होंने विक्टिम कार्ड चलने का प्रयास किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में इसी को मुद्दा बना कर केजरीवाल ने चुनाव प्रचार किया। उन्हें अप्रत्याशित ढंग से सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार करने के लिए 13 मई को तीन हफ्ते की जमानत दी थी। वे और उनकी पार्टी उनको झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगाते रहे। लोकसभा चुनाव में और भी मुद्दे थे लेकिन आआपा के लिए तो वही मुद्दा बड़ा था। वह दिल्ली में लोकसभा चुनाव कांग्रेस से सीटों का तालमेल करके लड़ी। बावजूद इसके भाजपा ने लगातार तीसरी बार दिल्ली की सभी सातों सीटें जीत लीं। आआपा चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस के वोट औसत में बढ़ोतरी हुई। शायद इससे ही आआपा डरी और इस विधानसभा चुनाव में समझौता नहीं किया। आआपा को तीन सीटें पंजाब में मिली, जहां आआपा अकेले चुनाव लड़ी। आआपा के इस 12 साल के राजनीति कार्यकाल में अनेक नेताओं पर आरोप लगे। कुछ को केजरीवाल ने ही विदा किया और कुछ को कानूनी तरीके से आरोप लगने के बाद विदा किया गया।

दिल्ली में दो विधानसभा चुनावों से सीधा समीकरण है कि कांग्रेस के मुख्य मुकाबले से बाहर होते ही आआपा की एकतरफा जीत होती है। माना जाता है कि अल्पसंख्यक उस दल को वोट करते हैं जो भाजपा को हराए। 2013 के विधानसभा चुनाव में माना गया कि अल्पसंख्यक भ्रम में रहे इसलिए कांग्रेस को आठ सीटें और 24.50 फीसदी वोट मिले। 2015 और 2020 में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और उसका वोट घट कर क्रमश 9.7 और 426 फीसदी हो गए। आआपा का प्रचार यही है कि कांग्रेस को वोट देना वोट खराब करना है। 2022 के नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को जिन नौ सीटों में सफलता मिली उनमें सात सीटें अल्पसंख्यक बहुल थे। इतना ही नहीं मुस्तफाबाद से जीते दोनों कांग्रेस पार्षदों के आआपा में शामिल होने के खिलाफ अल्पसंख्यकों ने सारी रात आंदोलन चलाया कि पहले वे निगम पार्षद से इस्तीफा दें फिर आआपा में शामिल हों। उन दोनों को और उनसे दलबदल कराने वाले नेता को वापस कांग्रेस में लौटना पड़ा। इस बार कांग्रेस की तैयारी अल्पसंख्यक वोटों को अपने पक्ष में लाने की ज्यादा है। आआपा का संकट इससे भी ज्यादा है। केवल अल्पसंख्यक आआपा के बदले कांग्रेस के साथ हो गए तो आआपा का फिर से दिल्ली जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। अब तो यह सार्वजनिक हो गया है कि जिस आम आदमी पार्टी को कांग्रेस ने भाजपा के मध्यम वर्गीय लोगों का समर्थन लेकर उसको कमजोर करने के लिए तन-मन और धन से सहयोग किया था, उसी पार्टी ने कांग्रेस के समर्थक माने जाने वाले कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यक और पूर्वांचल के प्रवासियों को अपना स्थाई वोटर बना कांग्रेस इस चुनाव में इस वर्ग को अपने साथ लाने के प्रयास में लगी हुई है। कट्टर धार्मिक छवि वाले उत्तराखंड के मंगलोर के विधायक काजी निजामुद्दीन दिल्ली के प्रभारी, राजस्थान के पूर्व विधायक दानिश अबरार सह प्रभारी और टिकटों की छानबीन समिति में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के साथ सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद हैं।

## राशिफल

**मेष** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृष** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन** — एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**सिंह** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या** — आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**तुला** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए।

**वृश्चिक** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**मकर** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**कुंभ** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

# प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ मेले का आध्यात्मिक एवं आर्थिक महत्व

लेखक




प्रहलाद सबनानी

(लेखक, आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ एवं स्तम्भकार हैं।)

> कुम्भ मूल शब्द कुम्भक से आया है। ऋग्वेद में कुम्भ और उससे जुड़े स्नान अष्ठान का उल्लेख है। इसमें इस अवधि के दौरान संगम में स्नान करने से लाभ, नकारात्मक प्रभावों के उन्मूलन तथा मन और आत्मा के कायाकल्प की बात कही गई है। अथर्ववेद और यजुर्वेद में भी कुम्भ के लिए प्रार्थना लिखी गई है। इसमें बताया गया है कि कैसे देवताओं और राक्षसों के बीच समुद्र मंथन से निकले अमृत के पवित्र घड़े (कुम्भ) को लेकर युद्ध हुआ। ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर कुम्भ को लालची राक्षसों के चंगुल से छुड़ाया था।

हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार कुंभ मेला एक धार्मिक महाआयोजन है जो 12 वर्षों के दौरान चार बार मनाया जाता है। कुंभ मेले का भौगोलिक स्थान भारत में चार स्थानों पर फैला हुआ है और मेला स्थल चार पवित्र नदियों पर स्थित चार तीर्थस्थलों में से एक के बीच घूमता रहता है, यथा, (1) हरिद्वार, उत्तराखंड में, गंगा के तट पर; (2) मध्य प्रदेश के उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर; (3) नासिक, महाराष्ट्र में गोदावरी के तट पर; एवं (4) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक अदृश्य सरस्वती के संगम पर। प्रत्येक स्थल का उत्सव, सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति की ज्योतिषीय स्थितियों के एक अलग सेट पर आधारित है। उत्सव ठीक उसी समय होता है जब ये स्थितियां पूरी तरह से व्याप्त होती हैं, क्योंकि इसे हिंदू धर्म में सबसे पवित्र समय माना जाता है। कुंभ मेला ऐसा आयोजन है जो आंतरिक रूप से खगोल विज्ञान, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, अनुष्ठानिक परंपराओं और सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं के विज्ञान को समाहित करता है, जिससे यह ज्ञान में बेहद समृद्ध हो जाता है।

कुम्भ मूल शब्द कुम्भक (अमृत का पवित्र घड़ा) से आया है। ऋग्वेद में कुम्भ और उससे जुड़े स्नान अष्ठान का उल्लेख है। इसमें इस अवधि के दौरान संगम में स्नान करने से लाभ, नकारात्मक प्रभावों के उन्मूलन तथा मन और आत्मा के कायाकल्प की बात कही गई है। अथर्ववेद



और यजुर्वेद में भी कुम्भ के लिए प्रार्थना लिखी गई है। इसमें बताया गया है कि कैसे देवताओं और राक्षसों के बीच समुद्र मंथन से निकले अमृत के पवित्र घड़े (कुम्भ) को लेकर युद्ध हुआ। ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर कुम्भ को लालची राक्षसों के चंगुल से छुड़ाया था। जब वह इस स्वर्ग की ओर लेकर भागे तो अमृत की कुछ बूंदे चार पवित्र स्थलों पर गिरीं जिन्हें हम आज हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज के नाम से जानते हैं। इन्हीं चार स्थलों पर प्रत्येक तीन वर्ष पर बारी बारी से कुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है। कुम्भ मेला दुनिया में कहीं भी होने वाला सबसे बड़ा सार्वजनिक समागम और आस्था का सामूहिक आयोजन है। लगभग 45 दिनों तक चलने वाले इस मेले में करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम पर स्नान करने के लिए आते हैं। मुख्य रूप से इस समागन में तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। कुंभ मेले में सभी धर्मों के लोग आते हैं, जिनमें साधु और नागा साधु शामिल हैं, जो साधना करते हैं और आध्यात्मिक अनुशासन के कठोर मार्ग का अनुसरण करते हैं, संन्यासी जो अपना एकांतवास छोड़कर केवल कुंभ मेले के दौरान ही सभ्यता का भ्रमण करने आते हैं, अध्यात्म के साधक और हिंदू धर्म का पालन करने वाले आम लोग भी शामिल हैं। कुंभ मेले के दौरान अनेक समारोह आयोजित होते हैं; हाथी, घोड़े और रथों पर अखाड़ों का पारंपरिक जुलूस, जिसे 'पेशवाई' कहा जाता है, 'शाही स्नान' के दौरान चमचमाती तलवारें और नागा साधुओं की रस्में, तथा अनेक अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां, जो लाखों तीर्थयात्रियों को कुंभ मेले में भाग लेने के लिए आकर्षित करती हैं।

महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। यह एक हिंदू त्यौहार है, जो मानवता का एक स्थान पर एकत्र होना भी है। 2019 में प्रयागराज में अर्ध कुंभ मेले में दुनिया भर से 15 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या 100 देशों की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। यह वास्तव में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में सूचीबद्ध है। कुंभ मेला कई शताब्दियों से मनाया जाता है। प्रयागराज कुंभ मेले का सबसे पहला उल्लेख वर्ष 1600 ई. में मिलता है और अन्य स्थानों पर, कुंभ मेला 14वीं शताब्दी की शुरुआत में आयोजित किया गया था। कुंभ मेला बेहद पवित्र और धार्मिक मेला है और भारत के साधुओं और संतों के लिए विशेष महत्व रखता है। वे वास्तव में पवित्र नदी के जल में स्नान करने वाले पहले व्यक्ति होते हैं। अन्य लोग इन साधुओं के शाही स्नान के बाद ही नदी में स्नान कर सकते हैं। वे अखाड़ों से संबंधित हैं और कुंभ मेले के दौरान बड़ी संख्या में आते हैं। घाटों की ओर जाते समय जब वे भजन, प्रार्थना और मंत्र गाते हैं, तो उनका जुलूस देखने लायक होता है।

कुंभ मेला प्रयागराज 2025 पौष पूर्णिमा के दिन शुरू होता है, जो 13 जनवरी 2025 को है और 26 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। यह पर्यटकों के लिए भी जीवन में एक बार आने वाला अनुभव है। टेंट और कैंप में रहना आपको एक गर्मजोशी भरा एहसास देता है और रात में तारों से भरे आसमान को देखना अपने आप में एक अलग ही अनुभव है। कुंभ मेले में सत्संग, प्रार्थना, आध्यात्मिक व्याख्यान, लंगर भोजन का आनंद सभी उठा सकते हैं। महाकुंभ मेला 2025 में गंगा नदी में पवित्र स्नान, नागा साधु और उनके अखाड़े से मिलें। बेशक, यह कुंभ मेले का नंबर एक आकर्षण है। कुंभ मेले के दौरान अन्य आकर्षण प्रयागराज में घूमने लायक जगहें हैं जैसे संगम, हनुमान मंदिर, प्रयागराज किला, अक्षयवट और कई अन्य। वाराणसी भी प्रयागराज के करीब है और हर पर्यटक के यात्रा कार्यक्रम में वाराणसी जाना भी शामिल है।

महाकुम्भ 2025 में आयोजित होने वाले कुछ मुख्य स्नान पर्व निम्न प्रकार हैं -

मुख्य स्नान पर्व 13.01.2025
मकर संक्रान्ति 14.01.2025
मौनी अमावस्या 29.01.2025
बसंत पंचमी 03.02.2025
माघी पूर्णिमा 12.02.2025
महाशिवरात्रि 26.02.2025

प्रयागराज का अपना एक एतिहासिक महत्व रहा है। 600 ईसा पूर्व में एक राज्य था और वर्तमान प्रयागराज जिला भी इस राज्य का एक हिस्सा था। उस राज्य को वत्स के नाम से जाना जाता था और उसकी राजधानी कौशाम्बी थी, जिसके अवशेष आज भी प्रयागराज के दक्षिण पश्चिम में स्थित है। गौतम बुद्ध ने भी अपनी तीन यात्राओं से इस शहर को सम्मानित किया था। इसके बाद, यह क्षेत्र मौर्य शासन के अधीन आ गया और कौशाम्बी को सम्राट अशोक के एक प्रांत का मुख्यालय बनाया गया। उनके निर्देश पर कौशाम्बी में दो अखंड स्तम्भ बनाए गए जिनमें से एक को बाद में प्रयागराज में स्थानांतरित कर दिया गया।

## मशरूम की खेती

मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती हैं, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ ह्दय और ह्दय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।



# मशरूम उत्पादन तकनीकी

पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।

## भारत में मशरुम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछले कुछ वर्षों में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।



## आम वाईट बटन मशरूम

आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्रोरोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) : 150-180 डिग्री से; नमी: 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अत: 100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।

## ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ :- प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्रोरोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचाई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचाई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

## आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

## टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

## एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

## कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिगनिन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्टूटे को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अत:, इन सबस्टूट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

## स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

## कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्ग100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

## मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## उठ्यमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

## फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छप्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयत: सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

## प्रणाली

छत मोटे छापर की तहो अथवा वरीयत: सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छप्पर की छत से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छत आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयत: दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्ग2.5ङ्ग2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

## विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-डुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

## अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुन: स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

## आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकर खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

## यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

## उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।



## परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुन: जलित किया जा सकता है।

## रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

## रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) : यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण :फॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

## कीट

मक्खियां :देखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण : फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी : ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण :घर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा : ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण : क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

## अन्य कीटाणु

5.कृन्तक : कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण :मशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।



## इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अत: जब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।



# मौसम की मार: यूपी-बिहार में गलन वाली ठंड, दिल्ली में घने कोहरे के चलते घर निकलना मुश्किल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरा उत्तर भारत ठंड और घने की कोहरे की चपेट में हैं। उप्र और बिहार में गलन वाली ठंड है। यहां घर से बाहर निकलने पर ऐसा लगता है कि हाथ ठंड से गल जाएंगे। वहीं दिल्ली और एनसीआर में घना कोहरा होने के कारण लोगों को घर से न निकलने की चेतावनी दी गई है। राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान लगभग शून्य डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दोपहर में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में जनवरी महीने में पहली बार न्यूनतम पारा पांच डिग्री से नीचे आया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड जारी है। कोहरे से भी आम जनजीवन प्रभावित है। आईएमडी ने कई जिलों में कोल्ड डे जारी किया है। नोएडा-गाजियाबाद के लोग भी कड़ाके की ठंड से परेशान हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं बिहार में सर्द पछुआ हवाओं के कारण शीतलहर के हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक स्थिति में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। मैदानी इलाकों में भी तापमान 5 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, वीकेंड पर दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अलग-अलग इलाकों में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी। मौसम विभाग ने शनिवार को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है।

स्काईमेट वेदर के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 2 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान 24 घंटे के बाद बढ़ने लगेगा। गंगा के मैदानी इलाकों में कोहरे की तीव्रता में कमी आएगी। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 11 जनवरी को राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे बढ़ेंगी। 11 और 12 जनवरी के बीच हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में व्यापक बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## गणतंत्र दिवस समारोह- वीर गाथा 4.0 को जबरदस्त प्रतिक्रिया, देशभर में 1.76 करोड़ छात्र लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल वीर गाथा 4.0 के चौथे संस्करण को देश भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस वर्ष, लगभग 2.31 लाख स्कूलों के लगभग 1.76 करोड़ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर सौ (100) विजेताओं का चयन किया जाता है। विजेताओं को चार श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक से 25 विजेता होते है। 5 सितंबर, 2024 को लॉन्च किए गए प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 में निबंध और पैराग्राफ लेखन के लिए कई प्रेरक विषय प्रस्तुत किए गए। छात्रों को अपने चुने हुए रोल मॉडल के बारे में, विशेष रूप से वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए लिखने का अवसर मिला। ।उन्हें रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरक जीवन, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। विविध विषयों ने न केवल प्रविष्टियों की गुणवत्ता को बढ़ाया, बल्कि प्रतिभागियों की भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की समझ को भी व्यापक बनाया।

## नीतीश सरकार देगी पटना में तीन 5 स्टार होटल की सौगात

पटना। राजधानी पटना के लिए बिहार सरकार ने पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से यहां तीन नए पांच सितारा होटलों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है। पर्यटन विभाग के बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत होटल पाटलिपुत्र अशोक, बांकीपुर बस स्टैंड और सुल्तान पैलेस के परिसर में पांच सितारा होटलों के निर्माण के लिए डेवलपर्स चयन के लिए ई-निविदा प्रकाशित की। बिहार पर्यटन विभाग के अनुसार पटना में तीन पांच सितारा होटल बनाने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने 10 सितंबर, 2024 को मंजूरी दी थी। अब प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निविदा प्रक्रिया से चुने जाने वाले डेवलपर्स को 90 साल के लिए पट्टा अधिकार दिए जाएंगे, जिसमें शुरुआती पट्टा अवधि 60 साल होगी, जिसे स्वचालित रूप से अतिरिक्त 30 साल तक बढ़ाया जा सकेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2025 है। बोलियां 11 फरवरी, 2025 को खोली जाएंगी। अत्याधुनिक निर्माण सुनिश्चित करने के साथ ही विरासत के संरक्षण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सुल्तान पैलेस की मौजूदा ऐतिहासिक संरचना को संरक्षित किया जाएगा और परिसर में एक पांच सितारा हेरिटेज होटल विकसित किया जाएगा। इन तीन पांच सितारा होटलों के निर्माण के बारे में पर्यटन विभाग ने कहा कि पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करने और औद्योगिक माहौल को बढावा देने के लिए यहां लक्जरी होटलों का विकास जरूरी समझा गया। इसके साथ ही इनके निर्माण से न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में गगनचुंबी इमारतें गायब, दिन भर छाया रहा घना कोहरा

### -विजिबिलिटी जीरो, शनिवार-रविवार को हो सकती है बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के अन्य शहरों में बेहद घना कोहरा छाया रहा है। सुबह से यह स्थिति है कि दूर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। ये हालात सिन्धु गंगा के मैदान का है, जो कोहरे के आगोश में समा गया। शुक्रवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा देखा गया। सैटेलाइट इमेज में देखा जा सकता है कि किस तरह इस पूरे इलाके में कोहरे की चादर छाई हुई है। दिल्ली, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक कोहरे के हालात ऐसे ही नजर आ रहे हैं। विजिबिलिटी जीरो है। इसके अलावा पूर्वी यूपी में हालात कुछ बेहतर हैं। गौतमबुद्ध नगर में गगनचुम्बी इमारतें भी दिखाई नही दे रही हैं। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को छाए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आज का तापमान न्यूनतम 6 डिग्री तक रहेगा और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बता दें कि शनिवार और रविवार को दिल्ली में बारिश हो सकती है।

## स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजने वाला निकला छात्र, नहीं देना चाहता था टेस्ट

### -दिसंबर में ही 100 से ज्यादा स्कूलों को झूठे धमकी भरे ईमेल भेजे गए

नई दिल्ली। दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ने वाला गिरफ्तार हो गया है। उसने 23 स्कूलों को ईमेल भेज कर धमकी दी थी। यह धमकी देने वाला कोई शातिर अपराधी नहीं बल्कि 12वीं में पढ़ने वाले छात्र है। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने कबूल किया है कि पहले भी वह इस तरह के ईमेल भेज चुका है। डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपी छात्र ने पूछताछ में बताया कि उसने दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को 23 ईमेल भेजे थे। इन ईमेल्स में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। नाबालिग आरोपी ने बताया कि वह स्कूल में टेस्ट नहीं देना चाहता था और इसे कैंसल कराने के लिए उसने धमकी वाले ईमेल का तरीका निकाला और धमकी दे दी। पुलिस अभी उससे और जानकारी एकत्रित कर रही है। पिछले साल दिल्ली में कई बार स्कूलों में धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे, जिनकी वजह से जहां अभिभावक बेहद डर गए थे तो स्कूलों में छुट्टी करानी पड़ती थी। दिल्ली पुलिस भी स्कूलों की जांच में परेशान हो गई थी। सिर्फ दिसंबर में ही 100 से ज्यादा स्कूलों को इस तरह के झूठे धमकी भरे ईमेल भेजे गए। पिछले महीने रोहिणी के एक स्कूल में बम की धमकी भेजने वाले भी स्कूल के ही दो छात्र निकले थे।

## गृहमंत्री शाह 11 जनवरी को दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार, 11 जनवरी को नई दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों, से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है। गृह मंत्री, ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, NCB के भोपाल जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन और MANAS-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'MANAS' पोर्टल से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के साथ रीयल-टाइम जानकारी साझा करने, ड्रग तस्करी के खिलाफ राज्यों की प्रगति और नार्कोटिक्स समन्वय तंत्र (NCORD) की प्रभावशीलता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (SFSLs) की कार्यक्षमता को मजबूत करने और उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने, ड्रग तस्करी के खिलाफ प्रयासों को मजबूत करने के लिए NIDAAN डेटाबेस के उपयोग, PIT-NDPS अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन, ड्रग से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष NDPS अदालतों की स्थापना और ड्रग तस्करी तथा इनके दुरुपयोग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों के बीच Whole of Govt. approach पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 11 से 25 जनवरी 2025 तक चलने वाले ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े के दौरान रू.2411 करोड़ मूल्य के 44,792 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाएगा।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा का दावा- दिल्ली में पूर्ण बहुमत से बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, सह-चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग (सांसद), सह प्रभारी डॉ अल्का गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश चुनाव संचालन समिति प्रमुख हर्ष मल्होत्रा (सांसद) एवं सह-प्रमुख मनोज तिवारी (सांसद) भी उपस्थित रहे। नड्डा ने पहले भाजपा की दिल्ली चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक की और तत्पश्चात चुनाव प्रबंधन के अलग-अलग विभागों की बैठक की और पार्टी की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश भाजपा चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को पार्टी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया। नड्डा ने कहा कि दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव झूठ एवं भ्रष्टाचार रूपी अरविंद केजरीवाल और सच एवं विकास रूपी भाजपा के बीच चुनाव का अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल रूपी आप-दा से मुक्त होने का मन बना लिया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली की महान जनता इस चुनाव में सच एवं विकास को चुनेगी और दिल्ली को आम आदमी पार्टी से मुक्त करवाएगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि को लेकर फंसा पेंच, आड़े आ रहे पाकिस्तान कनेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस की तैयारियां बहुत तेजी से चल रहीं हैं। अतिथियों की सूची भी बनाई गई है और माना जा रहा है कि दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियंतो को समारोह का मुख्य अतिथि बनाया जाएगा। इसके लिए उन्हें न्यौता भी भेजा गया है। हालांकि सरकार की तरफ से ऐसी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं एक खबर ये भी आ रही है कि सुबियंतों को समारोह में अतिथि बनाए जाने को लेकर एक पेंच भी फंस गया है। वो पेंच ये हैं कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत से सीधे पाकिस्तान जाना चाहते हैं। भारत सरकार यही नहीं चाहती है कि वह भारत यात्रा को पाकिस्तान दौरे के साथ कनेक्ट करें। माना जा रहा है कि भारत सरकार उन्हें मनाने की कोशश कर रही है कि वह भारत दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान न जाएं। सूत्र के हवाले से एक अंग्रेजी अखबार ने लिखा है कि सुबियंतो 26 जनवरी की परेड में मुख्य अतिथि होंगे। मगर अब तक यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आम तौर पर इस तरह की घोषणा महीनों पहले ही कर दी जाती है।

खबर के मुताबिक, भारत ने इंडोनेशिया के साथ इस मुद्दे को राजनयिक चैनल के माध्यम से उठाया है। भारत को उम्मीद है कि सुबियंतो को गणतंत्र दिवस समारोह के तुरंत बाद इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरने से रोकने में कामयाबी मिलेगी। अगर रिपब्लिक डे परेड के कुछ ही घंटे बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सीधे इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरते हैं तो इससे भारत के लिहाज से गलत संदेश जाएगा। खासकर तब जब सीमा पार आतंकवाद जैसे कई मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। जबकि इसके उलट भारत और इंडोनेशिया के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं। घोषणा में देरी की वजह यह है कि पाक मीडिया में यह खबर है कि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति 26 जनवरी को तीन दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान से जब से रिश्ते पूरी तरह तल्ख हुए हैं, तब से भारत अपना कोई भी कनेक्शन उससे नहीं चाहता। भारत सरकार हाल के दिनों में विदेशी नेताओं को भारत यात्रा के दौरान अपने कार्यक्रम में पाकिस्तान को शामिल न करने और दोनों देशों के साथ अपने संबंधों को अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

## बिहार में नीतीश कुमार के बहाने तेजस्वी और लालू यादव लगा रहे हैं प्रेशर पॉलिटिक्स पर दांव

पटना। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है। सबकी निगाहें फिर से नीतीश कुमार पर हैं। लालू यादव तो साफ कह चुके हैं कि नीतीश कुमार के लिए उनका दरवाजा खुला है। जबकि तेजस्वी यादव नीतीश की वापसी को अस्वीकार करने की हुंकार भर चुके हैं। तेजस्वी यादव यहीं नहीं रुके। वह तो राहुल गांधी के कांग्रेस को भी सीधा संदेश दे चुके हैं। या तो राजद की बात मानकर पिछलग्गू बने रहिए, वरना हाथ जोड़िए और पीछा छोड़िए। ऐसे में लोग कन्फ्यूज हैं कि पिता-पुत्र दोनों अलग-अलग चाल क्यों चल रहे हैं? क्या यह राजद की मध्यम मार्ग वाली पॉलिटिक्स है?

दरअसल, कांग्रेस को फटकारने के पीछे तेजस्वी की एक सोची-समझी चाल है। या यूं कहिए कि तेजस्वी यादव की प्रेशर पॉलिटिक्स। अभी तेजस्वी यादव को खूब पता है कि कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर है। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में हार से कांग्रेस टूटी हुई है। इंडिया गठबंधन के अन्य साथी उसे घेर रहे हैं। ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या अखिलेश यादव, सभी के टारगेट पर राहुल गांधी और कांग्रेस ही है। कांग्रेस के कई नेता यह इशारा कर चुके हैं कि कांग्रेस अब राजद की पिछलग्गू नहीं बनकर रहना चाहती। बिहार में 1990 के बाद से कांग्रेस राजद की पिछलग्गू बनकर रही है। राजद के बगैर उसका सियासी वजूद बिहार में कभी रहा ही नहीं। मगर अब कांग्रेस अपने पैरों पर खड़े होकर चलना चाहती है। इसलिए कांग्रेस तेवर दिखा रही है। वह साफ-साफ कह चुकी है कि उसे पिछली बार जितनी ही 70 सीटें चाहिए। अब तेजस्वी यादव को कांग्रेस के इस तेवर की भनक है। तेजस्वी यादव मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं। इसलिए वह कांग्रेस को आड़े हाथों ले रहे हैं। राजद को पता है कि कांग्रेस को अधिक सीट देने का मतलब है सियासी नुकसान। जैसा बीते चुनावों में दिखा। इसलिए तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन को लोकभा चुनाव तक का करार बता रहे हैं। तेजस्वी यादव को लग रहा है कि कांग्रेस सीट शेयरिंग में आंखें दिखा सकती है। वह अधिक सीटों का दवाब बनाएगी।

# अब बुजुर्गों पर एचएमपीवी का अटैक, गुजरात में मिला देश का पहला संक्रमित मरीज



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एचएमपीवी का संक्रमण पहले बच्चों में पाया गया था हम बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ गए हैं। अहमदाबाद में देश का संक्रमित बुजुर्ग मिला है। जिसका इलाज चल रहा है।

अहमदाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि एक 80 वर्षीय बुजुर्ग में ह्यूमन मेटाप्नीउमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह गुजरात में इस साल का दूसरा और भारत में एक बुजुर्ग में इस संक्रमण का पहला मामला है। चीन में हाल ही में एचएमपीवी संक्रमण के मामलों के बाद भारत में इस संक्रमण का यह नया मामला सामने आया है। अहमदाबाद नगर निगम ने बताया कि मरीज का इलाज अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी कोई विदेश यात्रा की जानकारी नहीं है। मरीज को बुधवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां गुरुवार को उनके सैंपल्स में संक्रमण की पुष्टि हुई। बुजुर्ग मरीज लंबे समय से अस्थमा का रोगी है, लेकिन फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है।

गुजरात में एचएमपीवी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 6 जनवरी को एक दो महीने के शिशु में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालांकि, वह पूरी तरह से ठीक होकर अस्पताल से छुट्टी ले चुका है। केंद्र सरकार ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह वायरस भारत में नया नहीं है। राज्य सरकारों को श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी बढ़ाने और लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

**सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द जैसे लक्षण**

एचएमपीवी एक वायरल संक्रमण है, जो आम सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है। यह संक्रमण ड्रॉपलेट्स, सीधे संपर्क और संभवतः हवा के जरिए फैलता है। इसके लक्षण हल्के (जैसे नाक बहना) से लेकर गंभीर (सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द) तक हो सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में बताया था कि एचएमपीवी कई प्रकार के श्वसन संक्रमण फैलाने वाले वायरसों में से एक है। यह संक्रमण सर्दियों और वसंत के शुरुआती महीनों में अधिक फैलता है। मंत्रालय ने कहा, यह वायरस आमतौर पर हल्का होता है और ज्यादातर लोग खुद ही ठीक हो जाते हैं।

# जब तक निर्णय नहीं होता, 1.12 लाख करोड़ रुपये के शो-कॉज नोटिस पर रोक

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देकर 1.12 लाख करोड़ रुपये के गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) शो-कॉज नोटिस को रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन नोटिस से जुड़े सभी मामले फिलहाल स्थगित रहे, जब तक कोर्ट इस पर अंतिम निर्णय नहीं ले लेता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। अब मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च, 2025 को होगी।

यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक राहत भरा कदम है, क्योंकि इस पर कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच लंबे समय से विवाद रहा था। इस विवाद का मुख्य मुद्दा ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने की व्याख्या है। केंद्र सरकार का कहना है कि 28 प्रतिशत जीएसटी पूरे एंट्री अमाउंट पर लगना चाहिए, जिसमें इनाम राशि (प्राइज पूल) भी शामिल होती है। वहीं, गेमिंग कंपनियों का तर्क है कि जीएसटी केवल उनके प्लेटफॉर्म फीस या कमीशन पर लगना चाहिए, क्योंकि इनमें से कई गेम कौशल (स्किल) पर आधारित होते हैं, न कि किस्मत (चांस) पर निर्भर होती है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री से जुड़े जानकार ने कहा, ÷मार्च में होने वाली अंतिम सुनवाई सेक्टर के लिए नियामकीय ढांचे को तय करने और एक निष्पक्ष और पारदर्शी टैक्स रिजीम सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शो-कॉज नोटिस पर रोक लगाना ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो कारोबार के लिए राहत भरा कदम है। इससे न केवल कानूनी स्पष्टता मिलती है, बल्कि तेजी से बढ़ते सेक्टर में सही प्रक्रिया और नियमों के महत्व को भी उजागर किया गया है। इस फैसले का ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने स्वागत किया है।

# कभी सुकून और सस्ती दिल्ली, आज यहां जिंदगी महंगी और भागमभाग वाली

**`* महंगे शहरों की रैंकिंग दिल्ली देश में दूसरे नंबर पर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दिल्ली में विकास के तमाम दावे और चुनावी वादे लोगों के सामने हैं। कभी शांति और सुकून के लिए जानी जाने वाली दिल्ली आज भागमभाग की जिंदगी और महंगाई वाली लाइफ स्टाइल के लिए मशहूर है। दुनिया में अगर महंगे शहरों की रैंकिंग देखी जाए तो दिल्ली का नाम मुंबई के बाद दूसरी और दुनिया में 165 नंबर पर आता है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय की बात की जाए तो दिल्ली सबसे रईस है। औसत प्रति व्यक्ति आय के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। साल 2023-24 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपए है जबकि देश में औसत प्रति व्यक्ति आय 13.14 हजार डॉलर यानी करीब 2.28 लाख रुपए है।

लुटियंस दिल्ली में कई इलाके ऐसे हैं जहां एक वर्ग फुट जमीन की कीमत 3 लाख से भी ज्यादा हैं। इसके इलावा निजामुद्दीन ईस्ट, साउथ एक्स, मॉडल टाउन, सिविल लाइंस, हौज खास, वसंत कुंज और लाजपतनगर जैसे इलाकों में जमीनों की कीमत करोड़ों से नीचे नहीं है, लेकिन कभी दिल्ली सस्ती हुआ करती थी, जहां कौड़ियों के भाव जमीनें मिलती थीं और कुछ रुपयों में बंगले किराये पर मिल जाते थे लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। यहां जमीन की कीमत आसमान छू रही हैं।

कभी दिल्ली में 25 रुपये गज जमीन और दूध रुपये का नौ सेर मिलता था। मॉर्डन दिल्ली की नींव पड़ी 1911 में जब अंग्रेजी शासन ने कोलकाता से दिल्ली का रुख किया। साल 1931 में लुटियन की डिजाइन की हुई दिल्ली का उद्घाटन हुआ और फिर सड़कें, कॉलोनियां और बाजार बसाए जाने लगे, लेकिन भागमभाग और भीड़ वाली दिल्ली बनने से पहले ये शहर सुकून और सस्ती होने के लिए जाना जाता था। उस दौर में नई दिल्ली का विकास हो रहा था, देश आजादी की ओर बढ़ रहा था। इसके बाद दिल्ली महंगी होती गई और आज सब कुछ आपके सामने है।



# संक्षिप्त खबरें

## किसान मेला की तैयारी को लेकर बैठक



**रांची(बिभा) :** कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष बजरंग महतो ने 13 जनवरी किसान मेला का तैयारी जोरों से सफल बनाने के लिए किया बैठक । झारखंड का ऐतिहासिक नदी स्वर्णरेखा का उद्गम स्थल रानी चूवा मेला टिकरा मे प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेला 12 से 14 जनवरी को आयोजन समिति स्वर्णरेखा महोत्सव के द्वारा किया गया है मेला का दूसरा दिन किसान मेला के नाम स्वर्णरेखा महोत्सव के संयोजक सह लोकप्रिय जिला परिषद पूनम देवी एवं कृषक सलाहकार समिति अध्यक्ष सह स्वर्ण रेखा महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग महतो ने प्रखंड के सभी कृषक मित्र लेंस अध्यक्ष एवं खाद बीज विक्रेता का मलिक के साथ किसान मेला को सफल बनाने के लिए किया बैठक।

## महिला अंडर-19 वनडे क्रिकेट : झारखंड ने नगालैंड को आठ विकेट से हराया



**रांची(बिभा)।** वृष्टि की घातक गेंदबाजी और प्रियंका लूथरा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत झारखंड ने इंदौर में खेले गए महिला अंडर-19 वनडे क्रिकेट टूनार्मेंट के एक मैच में नागालैंड को आठ विकेट से आसानी से हरा दिया। नागालैंड ने पहले खेलते हुए 38 ओवर में मात्र 66 रन बनाए। ईमशुसेनला ने 19 रन बनाए। झारखंड की ओर से वृष्टि कुमारी ने मात्र 7 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि अंजुम ने दो एवं आकांक्षा टोप्पो ने भी दो विकेट लिए। जवाब में झारखंड की टीम मात्र 10 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। प्रियंका लूथरा ने 8 चौके की मदद से नाबाद 46 रन बनाए। जबकि वृष्टि ने नाबाद छह रनों का योगदान दिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नगालैंड की ओर से लोनकुमार ने दो विकेट लिया।

## डॉ मधुकांत पाठक का झारखंड एथलेटिक्स संघ ने किया स्वागत



**रांची(बिभा) :** भारतीय एथलेटिक संघ,नई दिल्ली द्वारा 07-08 जनवरी 2025 को चंडीगढ़ में हुए ए.जी.एम.में झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक को ए.एफ.आई. फाइनेंस कमिटी एवम मैराथन कमिटी के चेयरमैन, झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव शिव कुमार पांडेय को पूर्वी क्षेत्र जोनल कमिटी का कंपटीशन डायरेक्टर एवं जे.ए.ए.अध्यक्ष सी.डी. सिंह को पूर्वी क्षेत्र एरिया कमिटी का कन्वेनर बन रांची लौटने पर झारखंड ओलम्पिक संघ के कार्यालय में बुके,मिठाई खिलाकर खेल प्रशासको एवं खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे, रांची जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव प्रभाकर वर्मा, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी अशोक भट्टाचार्य, संजेश मोहन ठाकुर, कोच अरबिंद कुमार,आशु भाटिया,बिनोद कुमार,झारखंड राज्य तकनीकी समन्वयक अनवर हुसैन, अभिजीत पात्रा, कमरुद्दीन समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## महिला अंडर- 23 टी 20 क्रिकेट : झारखंड ने गुजरात को 70 रनों से हराया, तमिलनाडु भी विजयी

**रांची(बिभा)।** शिखा कुमारी की शानदार ऑल राउंड खेल की बदौलत झारखंड ने गुवाहाटी में खेले गए महिला अंडर - 23 टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट के एक मैच में गुजरात को 70 रनों से हरा दिया। इस मैच में झारखंड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 133 रन बनाए । इला खान ने 6 चौके की मदद से 33 , ईशा केसरी ने दो चौके की मदद से 39, शिखा ने दो चौके की मदद से 29 एवं खुशबू ने एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए। गुजरात की ओर से सीके पटेल , मिठाइ वाला व तान्या पटेल ने एक-एक विकेट लिया । जवाब में गुजरात की टीम 13.5 ओवर में मात्र 66 रनों पर आल आउट हो गई। धारीवाल ने 20 व सी के पटेल ने 11 रन बनाए । झारखंड की ओर से शिखा ने मात्र 5 रन देकर तीन, नेहा ने तीन व खुशबू ने दो विकेट लिया। कीनन स्टेडियम जमशेदपुर में खेले गए मैच में तमिलनाडु ने मिजोरम को 105 रनों से हराया। तमिलनाडु ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 183 रन बनाए। जवाब में मिजोरम की टीम 20 ओवर में 78 रन ही बना सकी।

## सुरक्षा नियमों को ताक में रखकर हो रहा कार्य, ठेकेदार की लापरवाही सामने आई



**रामगढ़(बिभा):** रामगढ़ नगर परिषद द्वारा शहर के रांची रोड व भरेचनगर में मुख्य सड़क के किनारे बड़े बड़े होल्डिंग लगने का कार्य किया जा रहा है। आज अपराह्न एक बजे होल्डिंग निर्माण ठेकेदार द्वारा सुरक्षा नियमों को ताक पर रख कर कार्य कराया जाता पाया गया। निर्माण कार्य में लगे कर्मचारी पच्चीस तीस फिट कि उंचाई पर बिना सुरक्षा बेल्ट के कार्य में लगे पाए गए। इसकी जानकारी नगर परिषद के प्रमुख को दि गई। नगर परिषद प्रमुख ने तत्काल ठेकेदार को निर्देश दिया। जिसके उपरांत थोड़ी ही देर में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बेल्ट उपलब्ध करा दिया गया। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि हम सुरक्षा बेल्ट के साथ ही सभी को भेजते हैं कर्मचारी नहीं लगाते है। आगे बिना सुरक्षा बेल्ट के किसी कर्मचारी से काम नहीं लिया जाएगा।

# झारखंड में खुलेगा राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र

### खूंटी के कालामाटी में भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन चिह्नित

### योजनाओं को क्रियान्वित करने वाले पूरे पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के कर्मी यहां आकर लेगें प्रशिक्षण



बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसके लिए खूंटी के डियर पार्क के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। फिलहाल संस्थान शुरू करने के लिए स्मार्ट सिटी स्थित जुपमी भवन को किराये पर लेने की सहमति बनी। मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर रही थीं।

बैठक में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार ने बताया कि संस्थान में योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करनेवाले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा और उनकी क्षमता संवर्धन किया जायेगा। सिर्फ झारखंड में ऐसे कर्मियों की संख्या 80 हजार के करीब है, जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिका इत्यादि शामिल हैं। बताते चलें कि झारखंड में स्थापित हो रहा यह संस्थान झारखंड समेत पूर्वी भारत के राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं बिहार में योजना संचालित करनेवाले कर्मियों के प्रशिक्षण का भी केंद्र बनेगा। राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र फिलहाल गुवाहाटी, बेंगलुरु, इंदौर, लखनऊ और मोहाली में चल रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी के अलावा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर, सूडा के निदेशक अमित कुमार आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर नव वर्ष की दी बधाई



बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बीएसएफ आईजी के० एस० बनियाल, बीएसएफ डीआईजी गणेश, बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट विनोद एवं संत जेवियर्स एक्सआईएसएस के फादर अजीत खेस ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं दी।

## छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के साथ आईआरसीटीसी ने किया एकरारनामा



बिभा संवाददाता

**रांची :** समग्र शिक्षा के अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राज्य के 2400 मेधावी छात्र छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए आज भारत सरकार के रेल मंत्रालय के उपक्रम भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (क्फ्छ्ळ्ळउ) और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत इस भ्रमण में राज्य के सभी जिलों के 100 मेधावी छात्र छात्राओं समेत 3 सुपरवाइजर को शामिल किया गया है। क्फ्छ्ळ्ळउ द्वारा तीन चरणों में छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। प्रथम चरण के तहत आठ जिलों के 800 विद्यार्थियों को दिनांक 20 जनवरी, 2025 से 23 जनवरी, 2025 तक वाराणसी का भ्रमण कराया जायेगा। इसके बाद दूसरे चरण में दिनांक 25 जनवरी, 2025 से दिनांक 27 जनवरी, 2025 तक पुरी का, और तीसरे चरण के तहत दिनांक 30 जनवरी, 2025 से दिनांक 2 फरवरी, 2025 तक कोलकाता का भ्रमण कराया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण की जानकारी देते हुए रउ्एड श्री अभिषेक झा ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य स्कूली स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ साथ मेधावी छात्रों में सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। बच्चो में प्रयोगात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके उनमे शिक्षा के प्रति आकर्षण को बढ़ाना है। इसी कड़ी में मेधावी छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। ताकि उन्हें पाठ्यक्रम की अवधारणाओं को वास्तविक जीवन में देखने और समझने का अवसर मिले।

भ्रमण की जानकारी देते हुए क्फ्छ्ळ्ळउ पर्यटन के अपर महाप्रबंधक श्री कृष्णा कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रेलवे की ओर से 'भारत गौरव ट्रेन' की व्यवस्था की गयी है। यह ट्रेन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों, और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी है। ट्रेन में बच्चे आरामदायक यात्रा और आकर्षक इंटीरियर का आनंद ले पाएंगे। इतना ही नहीं, छात्रों के लिए स्वादिष्ट भारतीय व्यंजनों की व्यवस्था भी क्फ्छ्ळ्ळउ की ओर से की जाएगी। बच्चो के लिए आवास, भोजन, और गंतव्यों पर गाइडेड टूर की व्यवस्था भी रेलवे ही करेगा। इस ट्रेन में कुल 11 सवारी बोगियां होंगे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिन 2400 मेधावी छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा, उनमे आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं, ओलिंपियाड अथवा राज्य एवं राष्ट्रस्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं तथा वैसे उहरठ छात्र-छात्राएं शामिल है जो यात्रा करने में सक्षम हो। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सभी जिलों को पत्र भेजकर दिनांक 15 जनवरी, 2025 तक छात्र छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। भ्रमण के संबंध में दिनांक 15 जनवरी, 2025 को राज्य शिक्षा परियोजना परिषद में जिलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी निर्धारित की गयी है।

## बालु लदे ट्रेक्टर ने जल्दी के चक्कर में अल्टो को मारी टक्कर



**रामगढ़:** आज संध्या करीब 6:00 बजे रजरप्पा रोड़ चाड़ी, गोला मोड़ के पास एक ट्रैक्टर जो रजरप्पा की ओर से और लियो आलटो गाड़ी नंबर जे.एच-24बी- 5092 जो गोला की ओर से के बीच सीधे आमने -सामने से टक्कर हो गई। ट्रैक्टर बालू से भरा हुआ था और कहा जाता है कि गाड़ी काफी गति में थी ।इसके कारण ट्रैक्टर का अगला हिस्सा दो टुकडों में टूट गया ।सामने वाली गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में बैठे एक-दो को चोट आई जिनहें एबुंलेश108 से गोला अस्पताल भेजा गया । घटना के बाद ट्रैक्टर ड्राईवर फरार हो गया । कहा जाता है कि इसी गाड़ी से तीन महीने पूर्व रजरप्पा मंदिर से पूजा कर के आ रहे पति-पत्नी का एक्सिडेंट हुआ था, जिसमें दोनों की घटना स्थल पर ही जान चली गई थी'इन दिनों गोला में बालू और कोयला के धंधे खुब फल झ फूल रहेगी हैं । इन अवैध कारोबारीयों के गाड़ी की गति काफी अधिक होती है, जिसके कारण राहगीरों को राह में चलने में सदा भय लगा रहता है ।

## बालू खनिज के अवैध भंडारण करने पर 1 ट्रैक्टर वाहन एवं 6500 घनफिट बालू किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**रामगढ़:** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक द्वारा रामगढ़ थाना अंतर्गत पारे बस्ती दामोदर नदी घाट के समीप जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में लगभग 6500 घनफिट अवैध बालू का स्टॉक एवं एक ट्रैक्टर वाहन को बालू लोड करते पाया गया जिस पर स्थल से लगभग 6500 हजार घन फिट बालू एवं ट्रैक्टर वाहन(इंजन नंबर फ्ल्ऊ2एअठ4218) को जप्त किया गया। जिसके उपरांत अवैध भंडारणकर्ता, वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति के आरोप में आरोपित करते हुए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम- 1957 की धारा- 4/21, झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली- 2004 के नियम- 4/54, द झारखण्ड मिनिरल (प्रिवेन्शन ऑफ ईलिगल माईनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एण्ड स्टोरेज) रुल्स-2017 के नियम- 9/13 एवं बी०एन०एस० के सुसगंत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई।

## विमेंस कॉलेज में युवा महोत्सव नवरंग समारोह संपन्न



बिभा संवाददाता

**रांची :** प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज की सांस्कृतिक समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा महोत्सव नवरंग का आयोजन 8 जनवरी से 10 जनवरी तक किया। आज समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में डॉ सुप्रिया ने कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ मुकुंद चंद मेहता , डॉ स्मृति सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को भविष्य में आधुनिक दुनिया के प्रमुख निमार्ता के रूप में याद किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए कहा था "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए"। वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत है। आज विश्व हिंदी दिवस है इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस हर साल 10 जनवरी को मनाया जाता है । यह दिन 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोले जाने की याद दिलाता है। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में मनाया गया था ।कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया और उन्हें उद्बोधन दिया कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि कामयाबी न मिले तो हिम्मत मत हारो, कोशिश जारी रखो और नाकामियों से सबक लेकर संघर्ष करते रहो। एक दिन जीत तुम्हारे कदमों में होगी। अपने विचारों से स्वामी विवेकानंद युवाओं को सदैव आध्यात्मिक बल के साथ-साथ शारीरिक बल में वृद्धि करने के लिए भी प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि भारत में हिंदी दिवस 14 सितंबर को होता है। वहीं हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिन्दी को प्रोत्साहित करना है। आज युवा महोत्सव ह्लनवरंगह्व के आखिरी दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में अंजलि मुंडा प्रथम स्थान पर रही ,प्रेरणा मुंडा और आंचल कुमारी द्वितीय स्थान पर रही, रीमा कुमारी और पल्लवी मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। वेस्टर्न वोकल सोलो में हर्षिता रानी प्रथम ,कंगना कुमारी द्वितीय ,अंकिता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। क्लासिकल डांस में रीना कुमारी प्रथम, श्रुति मिश्रा द्वितीय ,स्नेहा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप सौंग इंडियन में म्यूजिक डिपार्टमेंट की आंचल कुमारी ,अंजली मुंडा, रीमा कुमारी, खुशी महतो ,सपना संखवार ,प्रेरणा मुंडा का ग्रुप प्रथम स्थान पर रहा।? द्वितीय स्थान पर नागपुरी विभाग की संजना ,तनु टोप्पो ,पीहू कुमारी धान, कंचन सपवार ,मनीषा कुमारी, अर्चना कुमारी, राहील उरांव ,मनीता उरांव रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की छात्रा दीक्षा कुमारी प्रथम स्थान पर, ममता कुमारी दूसरे स्थान पर, प्रियंका कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं । मेहंदी प्रतियोगिता में रिया पॉल प्रथम ,स्वाति कुमारी तथा संगीता माझी द्वितीय ,निधि कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में रिया पॉल प्रथम स्वाति कुमारी द्वितीय और राधा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में श्रेया राय प्रथम ,विनीता दास द्वितीय, गुड़िया कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में शालिनी गुप्ता प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय, दीपिका रश्मि तृतीय स्थान पर रहीं। अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता में कशिश कुमारी प्रथम, अंकिता कुमारी द्वितीय ,दिव्या कुमारी तृतीय स्थान पर रही। अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में शालिनी गुप्ता प्रथम, अदिति मुखर्जी द्वितीय, ऋषिका प्रकाश तथा आकांक्षा गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। क्विज प्रतियोगिता में श्रेया राय तथा निशु कुमारी प्रथम स्थान पर, उर्मिका श्री और सुलेखा कुमारी दूसरे स्थान पर ,सुप्रिया जायसवाल और बिंदु कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में राधा शर्मा प्रथम ,रिचा कुमारी द्वितीय ,अमिता उरांव तथा पूनम कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं।

# हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के निर्देश पर एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सफाई कार्य शुरू




बिभा संवाददाता

**रांची :** अभी राउरकेला और रांची में हॉकी इंडिया लीग महिला एवं पुरुष का आयोजन चल रहा है। जिसमे प्रति दिन देश विदेश के हॉकी आयोजक , हॉकी प्रेमी और खिलाड़ियों का आवागमन लगातार रांची से राउरकेला भाया हॉकी की नर्सरी सिमडेगा के रास्ते हो रहा है। इसी क्रम में पिछले 27 दिसंबर को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण और उत्तरप्रदेश सरकार के खेल निदेशक सह हॉकी इंडिया के चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डा. आर पी सिंह जी का आगमन सिमडेगा में हुआ था और सभी सिमडेगा निर्माणधीन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और पूर्व से निर्मित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण कर खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार तथा हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी से आवस्यकताओ पर चर्चा की। और वे पुराने एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में सफाई की आवश्यकता को देखते हुए हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह ने हॉकी इंडिया के कर्मचारियों को फोन से सिमडेगा में सफाई मशीन भेजने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर कल दिल्ली से सफाई मशीन सिमडेगा पहुंच गया और आज से सफाई का कार्य सुरू हो गया। जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ,कोच तारिणी कुमारी खुद उपस्थित रहकर सफाई का कार्य निगरानी कर रहे है।

यह है हॉकी सिमडेगा के लगातार निवेदन पर सिमडेगा के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और खेल विभाग ने सिमडेगा में एस्ट्रोटर्फ की आवस्यक्ता को समझा और अक्टूबर 2013 में खेल विभाग से इस एस्ट्रोटर्फ की स्वीकृति दी तथा अप्रैल 2015 ने खिलाड़ियों को खेलने के लिए समर्पित किया । तब से लेकर अब तक इस स्टेडियम में प्रशिक्षण और खेलकर जिला के एक दर्जन खिलाड़ियों ने देश का और दर्जनों दर्जन ने राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इसी स्टेडियम से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सलीमा टेटे अभी भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान है जिन्हे महामहिम राष्ट्रपति महोदया के हाथो 17 जनवरी को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सलीमा टेटे के साथ मैदान से प्रशिक्षण लेने वाली संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग,दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा ,रोपनी कुमारी इत्यादि भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है ।

विगत दस वर्षो में इस स्टेडियम 02=02 राष्ट्रीय और कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हो चुके ।इस स्टेडियम में 150 से अधिक खिलाड़ी सालोभार प्रत्येक दिन अभ्यास करते है ।अब स्टेडियम का सफाई हो जाने से इसका लाइफ और अधिक बढ़ गया। स्टेडियम का सफाई कराने के लिए हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह और खेल विभाग का हॉकी सिमडेगा कोटि कोटि आभार व्यक्त करता है

## रांची में दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों की चोरी



**रांची।** शहर के कांके रोड के विद्यापति नगर स्थित ईश्वरी एन्क्लेव में दिनदहाड़े शुक्रवार को लाखों का चोरी का मामला प्रकाश आया है। फ्लैट के मालिक यशवंत सिंह के मुताबिक, घर में कोई नहीं था। दो लोग कार में आये और घर का ताला तोड़कर सात लाख रुपये नकदी और 25 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में यशवंत सिंह ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले एकदिवसीय में आयरलैंड को हराया

**–प्रतिका रावल ने लगाया अर्धशतक**

**राजकोट (एजेंसी)।** प्रतिका रावल के शानदार अर्धशतक 89 रनों की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां पहले ही एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इसी के साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इस मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 238 रनों का लक्ष्य दिया जो भारतीय टीम ने चार विकेट पर हासिल कर लिया।

आयरलैंड की टीम की पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारतीय टीम को तितास साधु ने पहला विकेट दिलाया। उन्होंने सारा फोर्ब्स को 09 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने 9 बनाए वह भी स्टंप आउट हो गयीं। इस प्रकार 15 आवरों के अंदर ही टीम ने तीन विकेट 56 रन पर ही खो दिये।

इसके बाद कप्तान गैबी लुईस की 92 रन की बेहतरीन पारी और उनकी लियाह पॉल 59 रन के साथ 117 रन की साझेदारी के बल पर आयरिश टीम ने सात विकेट पर 237 रन बनाये। इसके बाद 238 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए

भारत की ओर से स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने शुरुआत की। मंधाना ने 40 रन बनाए। वह अर्धशतक से रह गई जबकि प्रतिका ने 89 रन की जबरदस्त पारी खेली। वहीं, तीसरे नंबर पर आई हरलीन देओल 20 रन बनाकर पेवेलियन लौटी। चौथे नंबर पर आई जेमिमाह रोड्रिग्स ने 9 रन बनाये। तेजल हसबनिस ने भी शानदार 53 रन बनाये। अंत में ऋचा घोष ने 2 गेंदों में 8 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



# 14 जनवरी से इंडिया ओपन से वापसी करेंगी सिंधु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु 14 जनवरी से शुरु हो रहे योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 में खेलती हुई नजर आयेंगी। ये शादी के बाद सिंधु का पहला टूर्नामेंट होगा। उनकी पिछले माह दिसंबर में शादी हुई थी। इंडिया ओपन सुपर 750 के तीसरे संस्करण में भारत सहित दुनिया भर के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। पीवी सिंधु ने अंतिम बार सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में भाग लिया था।

सुपर 750 भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मुख्य प्रतियोगिता रही है। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेल्सन, एन से यंग और विश्व नंबर एक खिलाड़ी शि यूकी भी खेलते हुए दिखेंगे। ये टूर्नामेंट शुरुआत से से डीडब्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा रहा है, जहां पर विजेता को 9,50,000 यूएस डॉलर की धनराशि और 11000 अंक मिलते हैं, टूर्नामेंट के इस तीसरे सत्र में भारत के ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं पिछले दो सीजनों में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस सत्र में पुरुष युगल में एशियन गोल्ड मेडलिस्ट सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एशियन गेम्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय पर सभी की निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी।

**पुरुष एकल–** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय, प्रियांशु राजावत

**महिला एकल–** पीवी सिंधु, मालविका बंसोद, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप

**पुरुष युगल–** चिराग शेट्टी/सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, के साइ प्रथीक/पृथ्वी के रॉय

# बुमराह को बनाये अगला कप्तान : गावस्कर



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि बुमरान में नेतृत्व क्षमता है और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ये बात एक बार फिर साबित हुई है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट में जीत भी दर्ज की थी। गावस्कर ने कहा कि बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी हासिल किया। बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छे तरीके से निभाई । पहले भी वह कार्यवाहक कप्तान के तौर पर काम कर चुके हैं। रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट से हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई पर पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। गावस्कर के अलावा कई और लोगों ने भी बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का भावी कप्तान बताया है।

गावस्कर ने कहा कि बुमराह एक लीडर की तरह काम करते हैं पर अपने साथियों पर दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। अंदर एक बहुत नेतृत्व कर्ता की अच्छी छवि है पर वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डाले जबकि कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा कि कि कैसे उन्होंने मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार बाकी तेज गेंदबाजों को जरुरी सुझाव दिये। गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं पर वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं। मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे। हर बार वह उन्हें बताने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए मौजूद थे। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल शानदार थे और अगर वह जल्द ही कमान संभाल लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी।

# विराट जानते है कैसे वापसी करनी है : डुप्लेसी

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने खराब फार्म के कारण आलोचना का सामना कर रहे भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट का बचाव किया है। डुप्लेसी ने कहा कि विराट को किसी भी प्रेरणा की जरुरत नहीं है। वह जानते हैं कि कैसे फार्म हासिल करनी है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि विराट भी स्वयं ही इस कठिन संघर्ष से निकलना चाहेंगे। हाल में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कोहली का प्रदर्शन बहुत खराब रहा जिसमें उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में नाबाद शतक के साथ शुरुआत की थी पर बाद के पांच टेस्ट मैचों में वह 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना पाये।



डुप्लेसी ने कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि संघर्ष के बाद वह और मजबूत होकर वापसी करेंगे और साथ ही कहा कि संन्यास लेना बहुत व्यक्तिगत चीज है, इसके बारे में उन्हें ही तय करना होगा। कोई भी आपसे यह नहीं कह सकता कि एक खिलाड़ी के तौर पर उनका खेलने का समय कब समाप्त होगा, आपको पता चल जाएगा। डुप्लेसी ने कहा कि मैं जानता हूं कि उनके जैसा खिलाड़ी बहुत ही प्रेरित रहता है। वह पहले भी इस दौर से गुजरा है, इसलिए उसे पता है कि उसे क्या करना है। डुप्लेसी ने कहा कि हर खिलाड़ी के लिए संन्यास का समय अलग होता है। हर खिलाड़ी को इस सवाल का जवाब स्वयं देना होता है। मुझे याद है कि मेरे लिए वह समय कब था। मुझमें पहले जैसी भूख और जोश नहीं था और मुझे लगा कि निश्चित रूप से नए खिलाड़ियों के आने और टी20 की दुनिया में कदम रखने का सही समय है।

# बीसीसीआई की विशेष आम बैठक रविवार को, आईसीसी चेयरमैन जय शाह को किया जाएगा सम्मानित

मुंबई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया। शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई एसजीएम में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।



# स्वामी प्रेमानंद जी महाराज की शरण में पहुंचे विराट



**मुम्बई (एजेंसी)।** अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अब अपने परिवार के साथ स्वामी प्रेमानंद जी महाराज की शरण में पहुंचे हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें विराट के साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चे वामिका और अहान भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने महाराज को प्रणाम किया। इसके बाद प्रेमानंद महाराज ने दोनों का हाल-चाल पूछा और आशीर्वाद भी दिया। अनुष्?का ने इस दौरान यह भी कहा कि पिछली बार जब वह महाराज से मिली थीं तो उनके मन में कुछ सवाल थे पर अन्य लोग उन सवालों को पहले ही पूछ चुके थे। महाराज जी ने इस पर कहा, हम साधना करते हैं जिससे लोगों को प्रसन्नता मिलती है, और यह जो क्रिकेट का खेल है, वह पूरे देश को प्रसन्नता देता है। विराट और अनुष्का पिछले साल भी प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे। विराट और अनुष्का का इससे आध्यात्म की ओर झुकाव भी दिखता है। वह इंग्लैंड दौरे में भी एक सतसंग कार्यक्रम में शामिल हुए थे। खेल की बात करें तो पिछले कुछ समय से विराट लगातार विफलर रहे हैं जिससे उनकी टीम में रहने पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि विराट मानसिक शांति के लिए आश्रम में पहुंचे होंगे।

# इंग्लैंड के बाद दक्षिण अफ्रीकी मंत्री ने कहा , अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करें

जोहांसबर्ग । अगले माह पाकिस्तान की मेजबान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर विवाद समाप्त होने का नाम नहीं ले रहे । इंग्लैंड के कई राजनेताओं ने जहां इसको लेकर अपने क्रिकेट बोर्ड से कहा था कि इसमें अफगानिस्तान से मैच का बहिष्कार करें क्योंकि वह महिलाओं का दमन हो रहा है और उनपर कई पाबंदियां लगी हैं । वहीं अब दक्षिण अफ्रीकी खेलमंत्री ने कहा है कि बोर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार करे । खेल मंत्री गेटन मैकेंजी ने बोर्ड से कहा है कि वह इस मुकाबले के बारे में एक बार फिर विचार करे और अफगानिस्तान के खिलाफ न खेलकर वहां की सरकार को महिलाओं के अधिकारों को लेकर कड़ा संदेश दे । मैकेंजी ने कहा क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के साथ ही अन्य देशों के क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी को भी इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए कि क्रिकेट जगत इस दुनिया में किस तरह का संदेश देना चाहता है । वहीं क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह इस मामले में आईसीसी के अनुसार काम करेगा । क्रिकेट बोर्ड ने कहा, बोर्ड अफगानिस्तान में महिला अधिकारों के हनन और उनके उत्पीड़न के खिलाफ है और मानता है कि महिला क्रिकेट को भी समान दर्जा मिलना चाहिए पर चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी का इवेंट है और इस मामले में अफगानिस्तान पर फैसला उसे ही लेना है । अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही वहां महिलाओं पर कई पाबंदी लगा दी गयी हैं । जिसके कारण अब वे खेल में भाग नहीं ले सकती हैं ।

# 'हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है' : इंजीनियरिंग कॉलेज में समारोह के दौरान अश्विन का बड़ा बयान

**स्पोर्ट्स डेस्क।** अपने बोल्ड ब्यानों के लिए जाने जाते पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं बल्कि आधिकारिक भाषा है। यह एक ऐसी टिप्पणी है जो बहस को जन्म दे सकती है। अश्विन ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के स्नातक समारोह में की, जहां हिंदी का उपयोग हमेशा से एक संवेदनशील विषय रहा है, जिस पर तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए अश्विन ने पूछा कि क्या समारोह में उपस्थित लोग हिंदी में प्रश्न पूछने के लिए तैयार हैं, यदि वे अंग्रेजी या तमिल में सहज नहीं हैं।




अश्विन ने तमिल में कहा, 'अंग्रेजी - मुझे एक बार हां कहें', जिसके जवाब में अश्विन के नाम के नारे लगे। 'तमिल' - इस पर छात्र जोर से चिल्लाए। 'ठीक है, हिंदी?' जवाब में छात्र अचानक चुप हो गए। मैंने सोचा कि मुझे यह कहना चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है; यह एक आधिकारिक भाषा है।'

यह टिप्पणी ऐसे समय में नई बहस को जन्म दे सकती है, जब तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके समेत कई विपक्षी दलों ने केंद्र पर राज्यों, खास तौर पर दक्षिण में हिंदी थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसी कार्यक्रम में अश्विन ने टीम इंडिया की कप्तानी के विषय पर भी बात की। यहां, अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कूटनीतिक जवाब दिया। अश्विन ने बताया, 'जब कोई कहता है कि मैं यह नहीं कर सकता, तो मैं इसे पूरा करने के लिए जाग जाता हूं, लेकिन अगर वे कहते हैं कि मैं कर सकता हूं, तो मेरी रुचि खत्म हो जाती है।' अश्विन ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया, उन्होंने इंजीनियरिंग की है। अपनी यात्रा से सीख साझा करते हुए अश्विन ने छात्रों से कहा कि वे कभी हार न मानें और संदेह के समय भी अपने रास्ते पर डटे रहें। उन्होंने कहा, 'अगर कोई इंजीनियरिंग स्टाफ मुझसे कहता कि मैं कप्तान नहीं बन सकता, तो मैं और अधिक मेहनत करता।' उन्होंने आगे कहा, 'यदि आप छात्र हैं, तो आप कभी नहीं रुकेंगे। यदि आप छात्र नहीं हैं, तो सीखना बंद हो जाएगा और उत्कृष्टता सिर्फ आपकी अलमारी में रखा एक शब्द बनकर रह जाएगा।'

# पाकिस्तान पहुंचा आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल, चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का लिया जायजा



लाहौर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पाकिस्तान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह पांच सदस्यीय टीम ने कराची में नेशनल बैंक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल पर चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्य का आकलन किया। इस दौरान पीसीबी अधिकारियों और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की प्रगति और समयसीमा से अवगत कराया। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत का दौरा किया और विभिन्न खंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया सेंटर सहित स्टेडियम की मुख्य इमारत की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया और दीवारों पर प्रदर्शित अभिलेखों की जांच की और तस्वीरें खींचीं। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी इमारत के ड्रेसिंग रूम, चेयरमैन बॉक्स और पीसीबी गैलरी का निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल का चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के जायजा लेने का यह चौथा दौरा है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 19 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में होगा। पहला मैच उसी दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। स्टेडियम टूर्नामेंट में तीन मैच खेले जाने है।

# गंभीर पर भड़के मनोज तिवारी, पाखंडी और पीआर की दुकान कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर और बंगाल के कप्तान रहे मनोज तिवारी ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है। मनोज तिवारी ने गंभीर को पाखंडी, दूसरों का श्रेरु स्वयं लेने वाला और पीआर की दुकान बताया है। मनोज तिवारी ने कहा कि खिलाड़ियों के चयन में भी वह प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में आकाश दीप की जगह पर हर्षित राणा को शामिल करने पर भी सवाल उठाये। इससे पहले मनोज ने कहा था कि आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स को जीत दिलाने का श्रेय गौतम गंभीर अधिक ले रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर सबकुछ उन्होंने किया तो टीम के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित क्या कर रहे थे।

# टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दावा, ऑस्ट्रेलिया में दिया गया था जहर


**स्पोर्ट्स डेस्क(एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस आइकन नोवाक जोकोविच ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित करने से पहले मेलबर्न में रहने के दौरान उन्हें %सीसा और पारा% से जहर दिया गया था क्योंकि उन्होंने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था।

ऑस्ट्रेलिया जोकोविच के लिए यादगार रहा है, जहां कोर्ट पर बहुत कुछ यादें है, वहीं उनके जीवन का सबसे काला अध्याय भी सामने आया। जोकोविच ने कोविड-19 का टीका लेने से इनकार कर दिया था और उस समय उन्होंने खुले तौर पर अपनी स्वतंत्रता व्यक्त की थी। लेकिन महामारी के बीच टूर्नामेंट शुरू होने से पहले जोकोविच को पहले मेलबर्न के एक होटल में हिरासत में लिया गया और बाद में टीका न लगवाने के कारण निर्वासित कर दिया गया। वह टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए।

जोकोविच ने खुलासा किया कि जब वह सर्बिया लौटे, तो उन्हें अपने शरीर में 'भारी धातु और पारा' की उच्च-स्तरीय उपस्थिति महसूस हुई। GQ से बात करते हुए जोकोविच ने कहा, 'मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। और मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था, जिसने मुझे जहर दे दिया। जब मैं सर्बिया वापस आया, तो मुझे कुछ पता चला। मैंने यह बात कभी किसी को सार्वजनिक रूप से नहीं बताई, लेकिन पता चला कि मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत अधिक था। भारी धातु। मेरे शरीर में सीसा था, सीसा और पारा का बहुत उच्च स्तर पर।'

पूर्व विश्व नंबर एक ने यह भी कहा कि उन्हें मेलबर्न में 'जेल के कमरे' में रखा गया था, जबकि अन्य एथलीट टूर्नामेंट से पहले सख्त क्वारंटीन से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा, 'बहुत से एथलीट जो 40 दिन पहले क्वारंटीन में थे, उन्हें भी कमरे में बंद कर दिया गया था। लेकिन अंतर यह है कि जाहिर तौर पर वे जेल के कमरे में नहीं थे और मैं था। मेरे पास 100 से ज़्यादा आइटम वाला एक पेपर था– टूथब्रश, टूथपेस्ट, पानी, खाना, जो भी हो। और मुझे चुनना था, कुछ बॉक्स पर टिक करना था और इनमें से हर आइटम के लिए एक निश्चित मात्रा में अंक मिलते हैं, और मुझे कुल 60 अंक मिले जो मुझे प्राप्त करने की अनुमति थी। मैंने 59 या 60 अंक हासिल किए। बीस मिनट बाद मैं वापस आया और उन्होंने कहा, हमने गलती की, आपके पास 60 नहीं, 30 हैं। तो मुझे लगा, आप मजाक कर रहे हैं।'

जोकोविच ने कहा कि उन्हें कोविड-19 टीकाकरण पर उनके रुख के कारण बलि का बकरा बनाया गया और पूरा प्रकरण राजनीतिक था क्योंकि राजनेता उन्हें 'बर्दाश्त' नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'यही वास्तविक कारण है कि मुझे ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किया गया था। यही बात तीन संघीय न्यायाधीशों ने अंत में कही। उनका फैसला यह है कि वे [आव्रजन] मंत्री के विवेकाधीन अधिकार पर सवाल उठाने की स्थिति में नहीं हैं। यह बहुत राजनीतिक था। इसका वास्तव में वैक्सीन या कोविड या किसी और चीज से कोई लेना-देना नहीं था। यह सिर्फ राजनीतिक है। राजनेता मुझे वहां नहीं देख सकते थे। मुझे लगता है कि उनके लिए मुझे वहां रखना जितना नुकसानदेह था, उससे कहीं ज़्यादा मुझे निर्वासित करना था।'




उन्होंने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया या ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन यह उनका परिवार है जो अभी भी पूरे प्रकरण के बारे में गहरी भावनाएं रखता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, मैं ठीक हूं। मुझे ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कभी कोई शिकायत नहीं थी। इसके विपरीत, वास्तव में बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग जिनसे मैं मिलता हूं, मैं पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में या दुनिया के अन्य स्थानों पर मिला हूँ, वे मेरे पास आते हैं और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगते हैं क्योंकि वे उस समय अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे। और मुझे लगता है कि सरकार बदल गई है और उन्होंने मेरा वीजा बहाल कर दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। यह एक नया प्रधानमंत्री और नए मंत्री, नए लोग हैं इसलिए मुझे इसके लिए कोई शिकायत नहीं है। मुझे वास्तव में वहां रहना बहुत पसंद है, और मुझे लगता है कि मेरे परिणाम टेनिस खेलने और उस देश में होने की मेरी अनुभूति का प्रमाण हैं।'

# चहल ने प्रशंसकों से सहयोग मांगा

मुम्बई (ईएमएस) । भारतीय क्रिकेटर युजवेन्द्र चहल ने पत्नी धनश्री वर्मा के साथ तलाक को लेकर का रही खबरों पर अब अपनी चुप्पी तोड़ी है । चहल ने सोशम मीडिया में एक पोस्ट जारी कर प्रशंसकों से सहयोग मांगने के साथ ही काफी कुछ कहा है पर इस दौरान वह धनश्री को लेकर कुछ नहीं बोले जिससे प्रशंसक और उलझा गये । चहल ने अपने प्रशंसकों से सहयोग करते रहने की उम्मीद की है । उन्होंने लोगों से कहा कि वह बेटे, एक भाई और एक दोस्त की तरह हैं । साथ ही कहा कि वह सोशल मीडिया पर चल रही खबरों से परेशान हैं । चहल ने कहा कि मैं अपने सभी प्रशंसकों का उनके प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं, जिनके बिना मैं यहां तक नहीं आ पाता । लेकिन यह यात्रा अभी ख़त्म होने से बहुत दूर है । मेरे देश, मेरी टीम और मेरे प्रशंसकों के लिए अभी भी मुझे कई अविश्वसनीय ओवर देने हैं । मुझे एक खिलाड़ी होने पर गर्व है, मैं एक बेटा, एक भाई और एक दोस्त भी हूं । मैं हाल की घटनाओं, खासकर अपने निजी जीवन के बारे में व्याप्त जिज्ञासा को समझता हूं । हालांकि, मैंने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट देखी हैं जिनमें ऐसे मामलों पर अटकलें लगाई जा रही हैं जो सच हो भी सकती हैं और नहीं भी इससे मुझे और मेरे परिवार को ठेस पहुंचती है । एक बेटे, एक भाई और एक दोस्त के रूप में मैं विनम्रतापूर्वक सभी से अनुरोध करता हूं कि वे इन अटकलों में शामिल न हों, क्योंकि इससे मुझे और मेरे परिवार को दुख होता है । मेरे पारिवारिक मूल्यों ने मुझे हमेशा सभी के लिए अच्छा चाहने, शॉर्टकट अपनाने के बजाय समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का प्रयास करना सिखाया है और मैं इन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं । दिव्य आशीर्वाद के साथ, मैं हमेशा आपका प्यार और समर्थन पाने का प्रयास करूंगा, सहानुभूति नहीं । सभी को प्यार ।

**संक्षिप्त खबरें**

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की नैंसी कुमारी प्रतियोगिता में भाग लेने रांची रवाना

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, हजारीबाग, कुम्हारटोली, हजारीबाग की बहन नैंसी तिवारी ए स ज ीए फ आ ई खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आज रांची के लिए रवाना हुई। एसजीएफआई प्रतियोगिता 10 जनवरी से 14 जनवरी 2025 तक होगी।



मालूम हो कि बहन नैंसी तिवारी अखिल भारतीय प्रतियोगिता प्रतियोगिता के लॉन्ग जंप में पूरे भारतवर्ष में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीत घर एसजीएफआई के लिए चयनित हुई। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने बहन नैंसी तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में भी जीत का परचम लहराकर शानदार जीत हासिल करने की शुभकामनाएं दी। बहन नैंसी तिवारी संरक्षक आचार्य रणजीत सिंह यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगीं। मालूम हो कि खेलो झारखंड, एसजीएफआई टूर्नामेंट 2024 -25 में बहन तानिया मित्तल ने द्वितीय पुरस्कार एवं बहन अदिति कुमारी ने स्टेट लेवल पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आज विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने बहन तानिया मित्तल एवं अदिति कुमारी को प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार, प्रियंका कुमारी, हेमंत कुमार, आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा आदि उपस्थित थे।

## सीएससी केंद्र में किशोरीयो एवं महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का हुआ वितरण

**विष्णुगढ़/बिभा संवाददाता।** विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में युवा मैत्री केंद्र हजारीबाग द्वारा उपलब्ध किशोरीयो एवम महिलाओं के बीच शुक्रवार को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान महिला चिकित्सक शिवानी सिंह ने किशोरीयो एवम महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित कई जांच की। वही महिलाओं को



माहवारी आने और स्वच्छता पर, प्रजनन स्वास्थ्य, यौन स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियां देकर बताया गया कि स्वच्छता को ध्यान रखकर होने वाले कई संक्रमण और गैर संचारित बीमारीयो से बचा जा सकता है। मौके पर एएनएम हेमन्ती कुमारी, एएनएम रूपा रानी, बिटिटि काजल कुमारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधित प्रजनन, बीएमएल, वजन की जानकारी देकर सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं



का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पेलावल निवासी मो.अब्बास ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और ग्राम-कण्ड्सार के रहने वाली बबिता देवी ने केसीसी ऋण माफ करने का निवेदन किया। विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने उपायुक्त से मइँया सम्मान योजना का लाभ देने का निवेदन किया। डांडी पोस्ट के ग्राम होसीर निवासी दिनेश महतो ने उपायुक्त से परियोजना में अधिग्रहण जमीन का सरकारी अमीन से सीमांकन करवाने का गुहार लगाया।दारू थाना क्षेत्र के राजेश कुमार साव ने उपायुक्त से समाहरणालय के रिक्त पद पर चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। नगर निगम हजारीबाग के विवेक कुमार वाल्मीकि ने उपायुक्त को पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करने वाले मजदूरों के लिए कार्यालय खोलने के लिए अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया। इचाक थाना क्षेत्र के पुनम देवी ने उपायुक्त से घर पर पेबर ब्लॉक तथा पथ निर्माण के भुगतान करने का निवेदन किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** उप परिवहन उपायुक्त हजारीबाग विजय कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रभात फेरी का शुभारंभ डीटीओ ऑफिस से होते हुए जिला स्कूल त्रिमूर्ति चौक, झील, डीवीसी चौक होते हुए समाहरणालय गई पुनः समाहरणालय से विनोबा भावे आवास होते हुए झील, जिला स्कूल मैदान में समापन



हुई । इस कार्यक्रम में जिला स्कूल, आनंद स्कूल, हिंदू हाई स्कूल, आरक्षी स्कूल के करीब 600 बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए । कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी, मोटर यान निरीक्षक बिरशु कुमार, रवीना कुमारी, प्रधान सहायक जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ,प्रधान सहायक तेज नारायण, संतोष कुमार, विपिन कुमार सिंह,अरविंद तिवारी , जितेंद्र कुमार ,दीपक सोनी, प्रभात कुमार, अमन कुमार ,जीवन प्रकाश, सूरज कुमार, कैलाश कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# चुटूपालू घाटी में भीषण दुर्घटना



बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड कि राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पुरे देश में मौत कि घाटी के नाम से मशहूर है। आज तड़के रामगढ़ कि इस चुटुपालू घाटी में शुक्रवार को एक बड़ी घटना घट गई, राहत यह रही कि किसी भी प्रकार से जान की हानी नहीं हुई। यहां चूटूपालू घाटी में एलपीजी ( लिक्विड पेट्रोलियम गैस) लोडेड टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ड्राइवर-खलासी को मामूली चोटें आई हैं। गनीमत रही कि टैंकर से गैस लीक नहीं हुई वरना बड़ी घटना हो सकती थी। इधर इस हादसे की वजह से घाटी में एक रूट पर करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। छह साल पहले भी घाटी में गैस का एक टैंकर पलट गया था। उस वक्त गैस का रिसाव होने लगा था जिसमें काफी जान माल का नुक़सान हुआ था। इस घटना में घाटी पूरी तरह से जाम हो गई थी। डिवाइडर से टकराकर पलट गया गैस टैंकर रांची से हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी बीच टैंकर घाटी में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसके बाद घाटी में एक साइड से वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। इससे लंबा जाम लग गया। गैस टैंकर को हाइड्रा और फायर ब्रिगेड की मदद से हटाया टैंकर के ड्राइवर ने बताया कि एक ट्रेलर ने गाड़ी में पीछे से टक्कर मारी। इससे टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी है। इसे काठमांडू ले जाया जा रहा है। हादसे के बाद तत्काल रामगढ़ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। गैस टैंकर के पलटने से घाटी के एक साइड का रास्ता को पूरी तरह से बंद हो गया। पुलिस ने दूसरे साइड के रास्ते से गाड़ियों का आवागमन शुरू करवाया। गैस टैंकर को हाइड्रा और फायर ब्रिगेड की मदद से घाटी से हटाया गया।

### नगर निगम के अधिकारियों ने नपाई का कार्य किया पूरा, जल्द होगा कार्य प्रारंभ

# विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपने क्षेत्र की जनता के प्रति किए गए वादों को निभाने में लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में हुरहुरु क्षेत्र के गली-नली निर्माण और क्षेत्र के समग्र सुंदरीकरण के लिए नगर निगम की टीम और विधायक टीम ने एक संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की आवश्यकताओं का गहन अध्ययन किया गया और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना तैयार की गई।



इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता के प्रति हमारी जवाबदेही केवल वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हुरहुरु क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए हमने गली-नली निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। आने वाले दिनों में यह कार्य शुरू होगा, और इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विधायक टीम और नगर निगम के अधिकारियों ने नपाई का कार्य पूरा किया। इसके साथ ही सुंदरीकरण की दिशा में भी योजनाएं बनाई गईं, जिससे क्षेत्र को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाया जा सके। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, विधायक टीम के सदस्य सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनका भविष्य बेहतर होगा।श्री प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मेरी प्राथमिकता हर क्षेत्र में समान विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हुरहुरु क्षेत्र का यह कार्य हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

हुरहुरु क्षेत्र में गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण कार्यों के जरिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता के प्रति अपनी ईमानदारी और संकल्प का परिचय दिया है। इन कार्यों के जल्द शुरू होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं और साफ-सुथरा माहौल मिलेगा।

## चौकीदार नियुक्ति : शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा का आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों के दौड़ के प्रथम दिन का आयोजन आज 10 जनवरी को संपन्न हुआ। आज के इस दौड़ में कुल 424 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमें महिला वर्ग से 62 एवं पुरुष वर्ग से 362 थे। ज्ञातव्य हो कि चौकीदार पदों पर नियुक्ति के लिखित परीक्षा में कुल 677 उत्तीर्ण हुए है,जिनमें 424 अभ्यर्थियों ने आज दौड़ लगाई ।शेष बचे अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा का आयोजन 11.01.2025 को कर्जन ग्राउण्ड, नियर पुराना बस स्टैण्ड, हजारीबाग में किया जाएगा। अभ्यर्थियों 06 :00 बजे पूर्वाह्न में कर्जन ग्राउण्ड, हजारीबाग में उपस्थित होकर दौड़ में हिस्सा लेंगे। साथ ही वे अपने साथ निम्न रूप से कागजात लाना सुनिश्चित करेंगे :-प्रवेश पत्र की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति। आवेदक द्वारा समर्पित फॉर्म में संलग्न शैक्षणिक योग्यता/जाति/आवासीय/ईडब्ल्यूएस/ खेल-कुद/ दिव्यांगता आदि प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं एक सेट छायाप्रति।

## रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में परमदीप सिंह को दिया गया जीत का सर्टिफिकेट

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में आज गुरुद्वारा इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र सिंह चमन ने सुबह के दीवान में परमदीप सिंह कालरा व हरमीत सिंह कालरा को संयुक्त रूप से जीत का सर्टिफिकेट दिया। परमदीप सिंह कालरा ने प्रधान पद का चुनाव जीता है। वही प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने इलेक्शन कमेटी के नरेंद्र सिंह चमन, कंवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह गांधी, हरमिंदर सिंह जॉली, गुरप्रीत सिंह चाना, नरेंद्र पाल



सिंह, गुजराल अमरपाल सिंह आनंद को सिरोपा देकर सम्मानित किया। साथ ही नव नियुक्त प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने हैप्पी छाबड़ा व अमरजीत सिंह सैनी को सिरोपा देकर सम्मानित किया। वही नव नियुक्त प्रधान ने आशु कालरा व जगजीत सिंह को धन्यवाद किया गया।

## विभिन्न चौक चौराहों पर चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहा पर अभियान चलाते हुए दोपहिया वाहन जो बिना हेलमेट एवं चार पहिया वाहन जो बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर से जरूर करने का अपील किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया । वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा



के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दें। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जिले के समाहरणालय परिसर, सुभाष चौक, पटेल चौक, नईसराय चौक, कोठार चौक सहित कई अन्य स्थलों पर भी जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं यातायात पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया।

## मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज के पद प्रक्षालन का पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ परम सौभाग्य

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** शुक्रवार को जशपुर में पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के 45वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और श्रद्धा से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाद प्रक्षालन का परम सौभाग्य चंद्र प्रकाश लता पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर उनके चरणों में श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर पूरे परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया था और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग इस आयोजन का हिस्सा बने।चंद्र प्रकाश लता पांड्या परिवार ने इस विशेष दिन पर मुनि श्री के चरणों का प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया, जो उनके लिए जीवन का एक अद्वितीय और शुभ क्षण था। यह समारोह केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में



सादगी और सेवा के संदेश को फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बना। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज के 45वें अवतरण दिवस के इस पवित्र अवसर पर पूरे जशपुर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल था। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जो इस दिन के महत्व को और भी बढ़ा रही थीं। चंद्रप्रकाश लता पांड्या ने सयुक्त रूप से बताया कि मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के 45वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर हमें पाद प्रक्षालन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ, यह हमारे जीवन का अत्यंत शुभ और अद्वितीय क्षण है। मुनि श्री के आशीर्वाद से हमें सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है और हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस पुण्य अवसर पर हम उनके चरणों में अपने श्रद्धा और समर्पण की भावनाएं अर्पित करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हुए इस दिव्य दिन को यादगार बनाते हैं।

## जीवन के सुनहरे पल पुस्तक का मंत्री व विधायक ने किया विमोचन



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक सह झारखंड राज्य पासी विकास कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राम द्वारा रचित पुस्तक ''जीवन के सुनहरे पल'' का विमोचन 10 जनवरी को देवघर में किया गया। मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण सह कौशल व उद्योग विभाग संजय प्रसाद यादव व पूर्व मंत्री सह देवघर विधायक सुरेश पासवान ने पुस्तक का लोकार्पण किया। दिवंगत अरुण महथा के आवासीय प्रांगन मूलनिवासी भवन पंचशील नगर बेलाबगान देवघर में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। झारखंड राज्य पासी विकास कल्याण समिति की देवघर जिला ईकाई की ओर से स्थानीय विधायक का सम्मान सह पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक सह पासी विकास कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राम, प्रदेश महासचिव लक्ष्मी नारायण महथा, जिलाध्यक्ष सुशील महथा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुभाष महथा, जिला उपाध्यक्ष दीवाकर महथा, गोपाल महथा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अवैध खनन व परिवहन पर 7 ट्रैक्टर वाहनों को किया गया जब्त

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को अखबार में रामगढ़ अंतर्गत सिरका क्षेत्र में दामोदर नदी घाट से अवैध बालू के उठाव संबंधित प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को जांच का आदेश दिया गया जिसके उपरांत शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान सिरका दामोदर नदी घाट से 7 ट्रैक्टर वाहनों को अवैध रूप से बालू का उठाव करने का दोषी पाया गया। जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति के आरोप में आरोपित करते हुए सुसगंत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

# पतरातू : पंचायत ज्ञान केंद्र का विधायक बड़कागांव एवं उपायुक्त ने किया शुभारंभ

बिभा संवाददाता

- स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में एक साथ जिले के 39 पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र का किया गया शुभारंभ।
- रक्तदान की तरह ही पुस्तक दान भी है महादान, जिले वासियों से पुरानी व नई किताबें दान करने की उपायुक्त ने की अपील।



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग प्रखंडों के कुल 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी एवं उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिले के वरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों की उपस्थिति में अन्य पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर विधायक बड़कागांव रोशन लाल चौधरी ने पंचायत ज्ञान केंद्र के माध्यम से होने वाले फायदों के प्रति सभी को जानकारी देते हुए इसका पूरा लाभ लेने की सभी से अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी को अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने व जागरूक करने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरुआत होना शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम है, अब बच्चों को अपने क्षेत्र के पंचायत में ही पुस्तकालय की सुविधा मिलेगी। मौके पर उन्होंने सभी जिले वासियों से पंचायत ज्ञान केंद्र का पूरा लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान की तरह ही पुस्तक दान भी एक महादान है, उपायुक्त ने जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से अपने पास बड़ी पुरानी अथवा नई किताबों को दान करने सहित अन्य माध्यमों से पंचायत ज्ञान केंद्र को सहयोग करने की अपील की। 10 जनवरी को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहकातु, गोला प्रखंड अंतर्गत कोराम्बे, साड़म, सूत्री, चाडी, बरियातू, चोकाद, सोसोकला, पतरातू प्रखंड अंतर्गत चोरधरा, पालू, लबगा, पतरातू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़किपोना, भूचुंगडीह, चितरपुर पूर्वी, मायल, दुलमी प्रखंड अंतर्गत उसरा, सिकनी, सिरु, मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पूर्वी, कुजू पश्चिमी, ओरला, आरा उत्तरी, बड़गाँव, बुमरी, हेसागढ़ा, पिण्डरा, तापीन, सोनडीहा, सारूबेड़ा, नावाडीह, लईयो उत्तरी, माण्डूडीह, केदला उत्तरी, बारूघुटू मध्य, बारूघुटू पूर्वी, बारूघुटू उत्तरी, मंझलाचुम्बा, लईयो दक्षिणी पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया। पंचायत ज्ञान केंद्र खोले जाने का उद्देश्य पठन-पाठन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना। ग्रामीण आबादी में पढ़ने, स्व-शिक्षा और सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देना और क्षमता में सुधार करना। समुदाय के लिए एक सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना। सही समय पर सही जानकारी देना और दुनिया के ज्ञान से समुदाय को जोड़ना। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का आदान प्रदान करना। ई-लर्निंग संसाधन के डिजिटल भंडार का रख-रखाव और प्रबंधन।

## जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़।** जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों में वर्तमान में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत प्राप्त राशि के व्यय हेतु योजना बनाते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# संक्षिप्त खबरें

## हटिया -वर्द्धमान एक्सप्रेस 16 तक रद्द रहेगी

**रांची(बिभा):** राँची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले सिरमटोली, सड़क सह रेल ऊपरी पूल निर्माण कार्य हेतु ब्लॉक लिया जाएगा अतः निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगीं। ट्रेनें रद्द रहेंगी : ट्रेन संख्या 13503 बर्द्धमान -हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 11/01/2025 से 15/01/2025 तक बर्द्धमान से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 13504 हटिया -बर्द्धमान एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 12/01/2025 से 16/01/2025 तक हटिया से रद्द रहेगी। ट्रेनों का सामान्य परिचालन : ट्रेन संख्या 18036/18035 हटिया -खड़गपुर -हटिया एक्सप्रेस को यात्रा प्रारंभ दिनांक 07/01/2025 से 16/01/2025 तक रद्द किया गया था लेकिन अब इन ट्रेनों का यात्रा प्रारंभ दिनांक 11/01/2025 से 16/01/2025 तक सामान्य परिचालन होगा।

## रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण



**हाजीपुर(बिभा):** सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता ने शुक्रवार को धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 06 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया । इसके उपरांत स्पेशल ट्रेन द्वारा फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा एवं निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे । विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 154 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है । आज 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण हो गयी।

## रांची में बच्चों के लिए सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान



**रांची(बिभा):** सर्दी भारत में सबसे प्रतीक्षित मौसमों में से एक है, लेकिन यह सर्दी-खांसी और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी कई बीमारियों को भी साथ लेकर आती है; जो इस मौसम में सबसे अधिक प्रचलित हैं और आमतौर पर कम प्रतिरक्षा के कारण होती हैं। च्यवनप्राश लगभग 3000 साल पुराना और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक नुस्खा है जिसका उपयोग प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए किया जाता है और यह खांसी और सर्दी जैसे आम दिन-प्रतिदिन के संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है। इस पहल के तहत, डाबर च्यवनप्राश एक प्रसिद्ध डॉक्टर के साथ मिलकर बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित करेगा। आज रांची में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, रांची के 250 से अधिक बच्चों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर इस अभियान की शुरूआत की गई। सत्र का उद्देश्य बच्चों को सर्दियों में बीमारियों से लड़ने के लिए जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थापक सुरेश सा भी मोजूद थे। इस अवसर पर डाबर के सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख श्री दिनेश कुमार ने कहा, ्डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से प्रत्येक भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीएचयू के एम.डी. आयुर्वेद डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने कहा , ्मौसमी परिवर्तन के दौरान तापमान में अचानक बदलाव होता है, जिससे खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां होती हैं। सर्दी, खांसी, सांस की समस्या आदि जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना एक प्रभावी तरीका है।

# उपायुक्त ने तमाड़ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

बिभा संवाददाता





**रांची :** आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा शुक्रवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय तमाड़ का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान (निजी संस्थान) द्वारा चल रहें भू-मापक (अमीन) सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम की जाँच करने के निर्देश दिए। संस्थान द्वारा 350 रुपए लोगों से लिया जा रहा था। जिसको लेकर उपायुक्त द्वारा संस्थान द्वारा दिए जा रहें 2 माह के प्रशिक्षण सर्टिफिकेट की उपयोगिता की जाँच कराने का भी निर्देश दिया गया।

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की एवं पिछले वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का लक्ष्य और कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्वरित गति से आवास पूर्ण करवाने के निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा। ताकि आम लोग अपनी शिकायत सीधे तौर पर जिला प्रशासन से कर सकें।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पूरे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा की कार्यालय को स्वच्छ रखना सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

किसी भी आम नागरिकों को किसी परिस्थिति में सरकारी कार्यालयों का चक्कर नही काटना पड़े ये सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करें। आम लोगों को काम करवाने के लिए किसी प्रकार कि देन-लेन कि शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई कि जाएगी।

### निर्माण हो रहें अबुआ आवास का निरीक्षण

उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा तमाड़ पूर्वी में बन रहें अबुआ आवास देखते हुए इसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया एवं यहाँ कुछ महिलाओं से मिल कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आई इसकी जानकारी लेते हुए इस राशि का सही उपयोग करने को कहा। बहुत सी महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान राशि मिलने की बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा की राज्य सरकार की इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव लाया है।

तमाड़ पूर्वी में स्थित मंदिर के बाहर गंदगी और चापानल के आगे पानी जमा रहने को लेकर उपायुक्त द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़ को मुखिया श्रीमती धनमणि देवी पति श्री सोनाराम मुंडा को शो कॉज करने का निर्देश दिया।

### भूमिहीन महिला ने गुहार लगाई

तमाड़ पूर्वी में निरीक्षण क्रम में उपायुक्त रांची से अनीता देवी पति स्व. मंगल मछूवा द्वारा कहा की मेरी मदद करें। मैं भूमिहीन महिला हूं। जिसपर उपायुक्त द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्हें निर्देश दिया की विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए भूमिहीन महिला को भूमि उपलब्ध कराए।

जानकारी हो कि उपायुक्त रांची लगातार सभी अंचलों, प्रखंडों, सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। उन्होंने कहा है, कि इसी तरह निरीक्षण और कार्रवाई होते रहेगी।

### उपायुक्त से झारखंड की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी मनिता के ने की मुलाकात



**रांची :** झारखंड की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी मनिता के. ने शुक्रवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी अनौपचारिक मुलाकात थी। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उन्हें मोमेंटो एवं शॉल भेंट किया गया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में दाखिल-खारिज अस्वीकृत करने पर जांच का दिया आदेश

**रांची :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को देर शाम तक जनता दरबार में लोगों से मुलाकात की। जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने संज्ञान में आये शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान का आश्वाशन दिया। जनता दरबार में उप-समाहर्त्ता भूमि सुधार, राँची के आदेश के बावजूद दाखिल-खारिज अस्वीकृत करने की शिकायत पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने जांच के आदेश दिए। उन्होंने तीन दिनों में कांके अंचल से संबंधित मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। जांच में दोषी पाये जाने पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित पदाधिकारी पर ्प्रपत्र-क् गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। जनता दरबार मे आये विभिन्न शिकायतों पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही शिकायतों के समाधान हेतु कार्रवाई से संबंधित प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का भी निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

# 15 दिनों के अंदर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र हो तैयार: शिल्पी नेहा

बिभा संवाददाता



### पंचायत सचिव को समय पर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश

### लापुंग में हाथी-भालू सहित जंगली जानवर से लोगों को सुरक्षित रखने की हो पहल

**रांची :** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 15 दिनों के अंदर जन्म_ मृत्यु प्रमाण पत्र का लाभ देने का निर्देश दिया है . लापुंग प्रखंड कार्यालय में सरकारी योजनाओं को लेकर आयोजित बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि अक्सर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत मिलती है . ग्रामीण इलाकों में लोगों को इसके लिए पंचायत सचिवालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंचायत सचिव को जन्म_ मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूर्ण कर लेने को कहा है . लापुंग में अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान कुआं निर्माण में हुई गड़बड़ी का मामला भी सामने आया . बगैर काम पूरा हुए राशि की निकासी से लेकर योजना के बंदर बांट को लेकर मंत्री नाराज दिखी . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की योजनाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही वो बर्दाश्त नहीं करेंगी . बात चाहे कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना का हो या दूसरे किसी भी विभाग की योजना का . हर हाल में लाभुक को उस योजना का लाभ समय सीमा के अंदर देना होगा . जहां भी योजना को धरातल पर उतारने में कोई परेशानी या अड़चन हो , कर्मचारी बेहतर तालमेल और वरीय अधिकारियों के सुझाव पर उसे तत्काल निबटारा करें . इसके साथ ही मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लाभुकों से भी सरकार की योजना को लेकर जागरूक रहने और अपने हक अधिकार को समझने की नसीहत दी है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में हाथी के आतंक से लेकर जंगली भालू से बचाव के लिए अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया है . कैंप के माध्यम से टॉर्च , पटाखा के साथ हाथी को भगाने के लिए जरूरी सतर्कता की जानकारी दी जाएगी . लापुंग प्रखंड कार्यालय में बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग के कृषक पाठशाला का भी निरीक्षण किया . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा 27 एकड़ इस कृषक पाठशाला को धरातल पर उतारा गया है . यहां उन्नत कृषि की जानकारी के साथ बकरी_ मछली पालन भी किया जाता है . मंत्री यहां अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए ।

## यातायात नियमों का पालन और सीमित गति से वाहन चलाकर संयम के इस मूलमंत्र को अपनाएं :उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर के निदेर्शानुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत गुड सैमिट्रन ड्राइव अभियान चलाया गया। साथ ही गुड सैमिट्रन लॉ से जुड़ी विस्तृत जानकारी के अलावा संवेदना के भाव को अपनाकर सड़कों पर जिम्मेदारी भरा व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अलावे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाते समय सबसे महत्वपूर्ण है कि यथा- सम्मानः दूसरों के जीवन का सम्मान करें और उसे बचाने के लिए अपने व्यवहार में बदलाव लाएं. संयमः यातायात नियमों का पालन और सीमित गति से वाहन चलाकर संयम के इस मूलमंत्र को अपनाएं, ताकि सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके. सुरक्षाः ऐसे निजी और तकनीक सुरक्षा उपाय अपनाना, जिससे सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी उपयोगकताओं के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जा सके. सहयोगः बदलाव लाने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से गुड सैमिट्रन आधारित जागरूकता वीडियो एवं पंपलेट का वितरण कर आम जनमानस को सड़क दुर्घटना पीड़ित को मदद करने से संबंधित योजना की जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत रिखिया एवं चौपा मोड़ में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को दो पहिया वाहन चालक व उसके साथ बैठे सहयात्री को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना, मोटर कार चलते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग न करना, खतरनाक ढंग से एवं तेज गति से वाहन चलाने इत्यादि जैसे सड़क सुरक्षा यातायात से जुड़ी जानकारी प्रदान की गयी।

शैक्षणिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से जागरूक बनने के आह्वान के साथ झारखण्ड प्रदेश संयुक्त तुरी संवाद आयोजित

# जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ अपने विकास का संकल्प ले तुरी समाज : बंधु

बिभा संवाददाता



**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अति प्राचीन काल से पूरे समाज में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता के साथ अपना अस्तित्व कायम रखने वाले तुरी समुदाय को अपनी पूरी जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ अपने विकास का संकल्प लेने की जरूरत है. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस की सहभागिता वाली इंडिया गठबंधन की सरकार इस बात का पूरा प्रयास कर रही है कि झारखण्ड में सभी जातियों, जनजातियों और हर समुदाय का सरकार के सहयोग से समन्वित, सार्थक और तेजी से विकास हो और सभी को उसकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिले.

आज राजधानी रांची के दीनदयाल नगर में तुरी समाज के उत्थान, विकास और भागीदारी विषय पर आयोजित संयुक्त तुरी संवाद का आयोजन किया गया जिसमें झारखण्ड के विविध जिलों के तुरी समुदाय के लोग शामिल हुए, इस संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में श्री तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी समाज को आगे बढ़ाना है तो उसके नेतृत्वकताओं एवं अगुवाओं को समयबद्ध सुनिश्चित योजना के अनुरूप कार्रवाई करनी होगी और हर हाल में समाज की एकजुटता को कायम रखना पड़ेगा. श्री तिर्की ने कहा कि सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ भावनात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों को जानने-समझने के साथ ही दूसरे लोगों को भी उससे परिचित कराने की जरूरत है अन्यथा समाज के वंचित तबके की स्थिति और भी दयनीय हो जायेगी.

श्री तिर्की ने तुरी समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता जतायी और कहा कि अदूरदर्शिता पूर्ण रवैये के कारण तुरी समाज के हाथ से परंपरागत बांस का पेशा व व्यापार दूर होता जा रहा है और इस मामले में गंभीरता से काम करने की जरूरत है. उन्होंने उदाहरण दिया कि बंगलुरु के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में जिस प्रकार से बांस की कालीकृतियों से योजनाबद्ध इंटीरियर किया गया है वह अपने-आप में इस बात का प्रमाण है कि बांस की परंपरागत, कलात्मक एवं उपयोगी वस्तुओं के निर्माण की बहुत अधिक संभावनायें हैं.

इस संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोतीलाल मिर्धा ने कहा कि परंपरागत रूप से तुरी समाज अनुसूचित जनजाति है लेकिन जिस प्रकार से इसे अनुसूचित जाति की श्रेणी में डाला गया है और वन पट्टा के मामले में बहुत सारी प्रतिकूल बातें खुलकर सामने आ रही है उसके कारण तुरी समाज का हित गहराई से प्रभावित हो रहा है जिसका नकारात्मक प्रभाव समाज के विकास पर पड़ा है. उन्होंने कहा कि तुरी समाज के लोग बड़ी संख्या में आर्थिक अभाव और संकट से गुजर रहे हैं. आज की बैठक में तुरी के संगठनात्मक समाज, तुरी समाज के हित के लिये काम करने और इस सन्दर्भ में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिये सात सदस्यीय तदर्थ समिति के गठन का निर्णय लिया गया.

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य : अभियान निदेशक



बिभा संवाददाता

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए स्टेट रिव्यू मिशन(एसआरएम) का गठन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक और राज्य नोडल पदाधिकारियों की अगुवाई में एनएचएम के परामर्शियों और समन्यवकों की जवाबदेही तय करते कुल 12 टीमें गठित की गई है। उक्त टीम जिलों में जा कर जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर भ्रमण कर राज्य स्तर पर प्रतिवेदन समर्पित करेगी। टीम के सदस्यों के ओरिएंटेशन के लिए शुक्रवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक श्री अबु इमरान ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना होना चाहिए। मानव संसाधन से इस दिशा में कैसे काम लें इस पर और रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के कमियों के आकलन और सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए राज्य स्तरीय टीम का गठन किया गया है, जो जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा कर इस दिशा में काम करेगी। अभियान निदेशक ने अभी हाल ही में हुए कॉमन रिव्यू मिशन (सी0आर0एम0) के दौरे से संबंधित फाइंडिंग्स और कृत कार्रवाई की भी जानकारी ली। एनएचएम कर्मियों के लिए तैयार हो रही एचआर पॉलिसी की भी जानकारी अभियान निदेशक ने ली और आवश्यक निर्देश दिए। सभी राज्य नोडल अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि तय समय सीमा के अंदर सभी प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com